आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 20 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-173 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियां

रायपुर,20 सितंबर। लंबे इंतजार के बाद आखिर वह दिन आ ही गया, जिसकी लोग प्रतीक्षा कर रहे थे. बस्तर विकास प्राधिकरण, सरगुजा विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के साथ अनुसूचित विकास प्राधिकरण और

पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण में उपाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. जारी आदेश के मुताबिक, विधायक गोमती साय को सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, तो वहीं बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष विधायक लता उसेंडी को नियुक्त किया गया है. मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष मरवाही के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची बनाए गए हैं. अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण में विधायक गुरु खुशवंत साहेब को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है. छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर को दी गई है.

राजस्व मंत्री पर आरोप लगाने वाला तहसीलदार निलंबित

रायपुर,20 सितंबर। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने वाले तहसीलदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे को निलंबित कर दिया गया है. निलंबित होने के बाद नीलमणि दुबे को सिमगा तहसील से मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में ट्रांसफर किया गया है. जूनियर प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे. मीडिया में दिए खुलेआम बयान के बाद वो चर्चा में आए. बाद में राज्य शासन ने एक्शन लेते हुए नीलमणि दुबे को निलंबित कर दिया. नीलमणि दुबे को निलंबित करने का आदेश अवर सचिव अन्वेष घृतलहरे की ओर से जारी हुआ.

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में महिला यात्री की मौत

बिलासपुर,20 सितंबर। भिलाई तीन चरोदा निवासी राजकुमारी का मड़वारानी में मायके है। वह पति धनतेरस के साथ आई थी। दोनों वापस वापस घर जाने के लिए मड़वारानी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उसी समय कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पहुंची। जनरल व स्लीपर कोच में काफी भीड़ थी। इसलिए दोनों एसी कोच में चढ़ गए। कुछ दूरी तय करने के बाद महिला यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। इस पर पति धनतेरस टीटीई के पास पहुंचे और पत्नी की तबीयत के बारे में बताया। इससे पहले ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचती, वह अचेत हो गई। ट्रेन तय समय पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर आकर खड़ी हुई। यहां रेलवे अस्पताल स्टाफ के अलावा आरपीएफ व अन्य रेलकर्मी मौजूद थे। रेलवे चिकित्सक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही पति का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया। इधर जीआरपी को मेमो देकर घटना की सूचना दी गई। मृतक को अभी शवगृह में रखा गया।

सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक

नई दिल्ली,20 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक हो गया और उसपर अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स निर्मित क्रिप्टोकरंसी के एड वाला वीडियो प्रसारित होने लगा। हालांकि वीडियो पर क्लिक करने पर उसपर कुछ दिखाई नहीं दिया। वीडियो के नीचे ब्रैड गार्लिंगहाउस- रिपल रेसपोंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन लिखा था। एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन।'' शीर्ष न्यायालय संविधान पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई को स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग कर रहा है। शीर्ष अदालत ने 2018 में संविधान पीठ के समक्ष सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का निर्णय लिया था।

कौशल विकास और सशक्तिकरण पर तेजी से हो रहा है काम: साय

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर ,20 सितंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित युवा उत्सव 3.0 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है और वे हमेशा कहते हैं कि युवाओं को जॉब गिवर बनना चाहिए ना की जॉब सीकर। निश्चित रूप से विकसित भारत बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की युवाशक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है ।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आपने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को अपने आयोजन की थीम बनाया है। युवा उत्सव के दौरान अलग-अलग विषयों को लेकर पैनल डिस्कशन होंगे, जिसमें युवाओं के लिए उद्यम में अवसर पर बात होगी। सीआईआई और यंग इंडियन्स की इस पहल से वर्तमान और भावी पीढ़ी को सफल उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत नए जमाने की प्रौद्योगिकी और रोजगार जरूरतों के मुताबिक स्किल डेवलपमेंट करने और शिक्षा देने की बात पर जोर दे रहा है। इसी कड़ी में हम प्रदेश के आदिवासीबहुल क्षेत्र के युवाओं को अब रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी विषय पढ़ा रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स शामिल करने से पढ़ाई के साथ ही बच्चे हुनरमंद भी हो रहे हैं। श्री साय ने कहा कि हमारे साथ उद्योग जगत के लोग बैठे हैं। आप सभी जानते है कि प्रदेश में प्रशिक्षित कुशल इंजीनियरों की बहुत अधिक मांग है। इस मांग को पूरी करने हम छत्तीसगढ़ में नए प्रौद्योगिकी संस्थान आरंभ करने जा रहे हैं। इस बजट में हमने आईआईटी की तर्ज पर पांच सीआईटी आरंभ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके पैदा कर रही है। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी।

पापुनि के महाप्रबंधक निलंबित

रायपुर,20 सितंबर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर कान्फ्रेंस में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस को लेकर सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को लेकर कड़ाई जमीनी स्तर पर भी उतनी ही सख्त नजर आ रही है। इसकी बानगी एक बार फिर सरकार की त्वरित कार्रवाई से दिखती है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छापी गई शैक्षणिक सत्र 2024-25 की नई किताबों को कबाड़ में बेचे जाने का मामला सामने आया था।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छापी गई वर्ष 2024-25 सत्र की नई किताबें के कबाड़ में बेचे जाने की घटना के प्रकाश में आने पर तत्काल गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले को इस घटना की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के उपरांत छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर प्रेम प्रकाश शर्मा की प्रथम दृष्टया लापरवाही परिलक्षित होने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस के सामने दिए बयान को सबूत के तौर पर नहीं किया जा सकता इस्तेमाल

■ तरुण छत्तीसगढ़

बिलासपुर,20 सितंबर। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने साल 2015 में हुई दोहरी हत्या और डकैती के लिए पहले से दोषी ठहराए गए छह लोगों के रिहाई का आदेश दिया है। मामला ट्रेलर चालक बोधन प्रसाद और उसके सहायक नीलेश कुमार की नृशंस हत्या से जुड़ा है। हत्या के बाद शव को सूरजपुर जिले के जंगल में फेंक दिया गया था। जनवरी 2018 में सूरजपुर के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने नाजिर खान (29), ओम प्रकाश जाट (50), पतुल उर्फ अब्दुल मजीद (30), दीपक लोहार (32), सुरेन्द्र लोहार (40) और विजय कुमार जाट (27) को दोषी ठहराया और हत्या, डकैती और सबूतों को गायब करने के लिए भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पुलिस ने प्रारंभ में गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया और बाद में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद उन पर आरोप लगाए। ट्रायल कोर्ट ने पुलिस के समक्ष दिए गए बयानों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में मुख्य मुद्दों में से एक था अभियुक्तों द्वारा पुलिस के समक्ष दिए गए बयानों पर ट्रायल कोर्ट का भरोसा करना। अपीलकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 का हवाला देते हुए कहा कि इस आधार पर बयान अस्वीकार्य किया जाना था। यह धारा पुलिस अधिकारियों के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत में सबूत के तौर पर इस्तेमाल करने पर रोक लगाता है। अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर भरोसा किया, जिसमें चोरी किए गए ट्रेलर और अपराध से जुड़ी अन्य सामग्री की बरामदगी शामिल है। हालांकि, बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि सबूतों की श्रृंखला अधूरी थी और दोषसिद्धि का समर्थन करने के लिए अपर्याप्त थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने अपने फैसले में लिखा है कि, पुलिस अधिकारियों के समक्ष दिए गए बयानों को अभियुक्तों के खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 का हवाला देते हुए कहा कि इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पुलिस अधिकारियों के समक्ष दिए गए बयान अस्वीकार्य हैं। किसी भी अपराध के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस अधिकारी के समक्ष दिए गए बयान को साबित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी लिखा है कि अभियोजन पक्ष अभियुक्त के अपराध को साबित करने के लिए पर्याप्त परिस्थितिजन्य साक्ष्य देने में विफल रहा। हाई कोर्ट ने कहा कि, जब कोई मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर निर्भर करता है, तो साक्ष्य की श्रृंखला पूरी होनी चाहिए और संदेह की कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए।

लोहराडीह की घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर होगी कड़ी कार्रवाई :साव

रायपुर,20 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

उपमुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका दौरे से राजधानी रायपुर लौटे. प्रदेश आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया. अरुण साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ 9 सितम्बर को अमेरिका के लिए रवाना हुए थे. इस अध्ययन यात्रा के अनुभव को उन्होंने साझा किया. इसके साथ ही डिप्टी सीएम साव ने कवर्धा के लोहराडीह में हुए हिंसा पर कहा, मामला संज्ञान में है. सभी को आश्वस्त करता हूं जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि अध्ययन यात्रा के दौरान उनका अमेरिका के पांच प्रमुख शहरों में जाना हुआ. इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, रख-रखाव की तकनीक, पुल और पुलियों के निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का कैसे उसमें उपयोग हो सकता है और ग्रीन फील्ड रोड के अवलोकन का गहन अध्ययन किया. साथ ही अमेरिका में किन तकनीकों का इस्तेमाल होता है ये अध्ययन किया. डिप्टी सीएम साव ने बताया कि अध्ययन दौरे के दौरान भारतीय और छत्तीसगढ़ के लोगों से भी मिलना हुआ. अमेरिका में छत्तीसगढ़ के लोग न केवल रहते है बल्कि छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं. बीजेपी संगठन के प्रतिनिधियों (ओवरसीज़) से मिलना हुआ. भारतीय स्वदेशी मेले के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. यात्रा बहुत ही लाभदायक रहा. डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि अमेरिका में हमने देखा कि पुलों का निर्माण वहां स्थिर है जो न केवल समय की बचत करता है, बल्कि लंबे समय तक टिकाऊ भी होता है. कम चौड़ी सड़क में डिवाइडर कैसे अच्छा बनाया जाता है इस तकनीक का भी अध्ययन किया, जिसे छत्तीसगढ़ में लागू किया जा सकता है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्होंने अमेरिका में रहने वाले छत्तीसगढ़ को लोगों को प्रदेश आने का निमंत्रण दिया है, ताकि वे छत्तीसगढ़ की परंपरा और पौराणिक चीजों को देख सकें तथा यहां की संस्कृति और सभ्यता को समझ सकें. छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज FIR पर उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के लोग अवैधानक टिप्पणी कर रहे हैं. समाज को अपमानित करने का काम कर रहे, कार्रवाई होनी ही चाहिए.

कोयला घोटाले में सूर्यकांत की जमानत याचिका रद्द

रायपुर,20 सितंबर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में रायपुर की केंद्रीय जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिका कोर्ट ने रद्द कर दी है। बता दें कि सूर्यकांत तिवारी ने एसीबी और बिलासपुर कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिसे एसीबी की विशेष कोर्ट ने रद्द कर दिया है। वहीं इसी मामले में निखिल चंद्राकर की जमानत पर कोर्ट आज सुनवाई करेगा। बता दे की कारोबारी सूर्यकांत तिवारी ने एसीबी के विशेष कोर्ट और बिलासपुर हाई कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं लगाई थी। जिस पर कल कोर्ट में सुनवाई हुई। यह जमानत याचिका एसीबी और ईडी की तरफ से दर्ज स्न्नढ्ढक्र के विरोध में लगाई गई थी। सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिका पर गुरुवार को जांच एजेंसी एसीबी और ईओडब्ल्यू की तरफ से डा. सौरभ की कुमार पांडेय और बचाव पक्ष से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट कक्षा अक्षत गुप्ता ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सूर्यकांत की जमानत याचिका रद्द कर दी है। बता दें कि इससे पहले ही ईडी कोर्ट सूर्यकांत की याचिका रद्द कर चुकी है। वहीं इस मामले में निखिल चंद्राकर की जमानत याचिका पर कोर्ट आज सुनवाई करेगा। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आरोपी अरविंद सिंह की जमानत याचिका भी कोर्ट ने रद्द कर दी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अरविंद को जमानत देने से इंकार कर दिया। इस मामले में जांच एजेंसी की तरफ से विशेष लोक अभियोजक डा. सौरभ कुमार पांडेय और बचाव पक्ष से राकेश पुरी ने बहस की। वहीं कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया की तरफ से अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई है। जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को एसीबी और ईओडब्ल्यू से केस की डायरी सौंपने की बात कही है। बता दे की सौम्या चौरसिया पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है। वहीं छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस चंद्रभूषण वर्मा और हवाला व्यापारी सुनील दम्मानी की जमानत आवेदन पर भी विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इनकी भी जमानत आज का खारिज की है।

सेक्स वर्कर्स नहीं देंगी 'मां दुर्गा प्रतिमा' के लिए मिट्टी

कोलकाता,20 सितंबर। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। हालांकि हर बार की तरह इस बार की रौनक में कमी दिखाई दे रही है। इसका कारण कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ रेप और क्रूरता के साथ मर्डर है। वहीं कोलकाता के रेडलाइट एरिया सोनागाछी की सेक्स वर्कर्स ने भी 'मां दुर्गा प्रतिमा' के लिए मिट्टी देने से इंकार कर दिया है। सोनागाछी में हर साल दुर्गा प्रतिमा के लिए सेक्स वर्कर्स द्वारा मिट्टी देने की परंपरा है। इन्हीं के दिए हुए मिट्टी से मां दुर्गा की प्रतिमा बनती है। सेक्स वर्कर्सों ने इस बार मिट्टी देने से साफ मना कर दिया है। दुर्गा प्रतिमा बनाने में लगने वाली 10 तरह की मिट्टी में एक रेड लाइट एरिया की भी होती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावितों से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता को शाह ने सराहा

रायपुर,20 सितंबर। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के लगभग 70 नक्सल पीड़ितों का एक दल आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मिला। नक्सल हिंसा

से प्रभावित इन लोगों ने अपनी व्यथा साझा की और न्याय व पुनर्वास की माँग की। इस दल का नेतृत्व बस्तर शांति समिति ने किया, जो राज्य में नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास के लिए काम कर रही है।इनमें से कई लोगों ने नक्सलियों के हाथों अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, कुछ ने अपने अंग गंवाए हैं, और कुछ पूरी तरह से अपाहिज हो गए हैं। इस दल का नेतृत्व बस्तर शांति समिति द्वारा किया गया, जो राज्य में नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास के लिए काम कर रही है। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य नक्सल हिंसा से पीड़ित लोगों की पीड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर लाना था। पीड़ितों ने बताया कि नक्सली हमलों के कारण उनके जीवन में गंभीर व्यवधान आए हैं। इस मुलाकात के दौरान, गृह मंत्री ने नक्सल पीड़ितों की कहानियों को ध्यान से सुना और उनकी समस्याओं पर गंभीरता दिखाई। उन्होंने इन लोगों के संघर्ष और साहस की प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। नक्सल पीड़ितों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों से प्रभावित होकर अपनी बात दिल्ली तक लाने का साहस कर पाए हैं। राज्य सरकार ने जिस तरह से बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों और सुरक्षा प्रयासों को प्राथमिकता दी है, उसने इन लोगों को यह हिम्मत दी कि वे अपनी आवाज़ दिल्ली में उठाएं।

रेलवे ट्रैक पर मिला सात मीटर लंबा खंभा

लखनऊ,20 सितंबर। उत्तरप्रदेश के रामपुर में दून एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर सात मीटर लंबा खंभा रख दिया गया। गनीमत ये रही कि लोको पायलट ने दूर से ही खंभे को देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक ली। जानकारी मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक तथा जीआरपी एसपी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसके बाद खंभा हटाकर ट्रेन तो रवाना किया गया। बताया जाता है कि रुद्रपुर बॉर्डर से सिटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे से गुजर रही रेलवे लाइन पर बुधवार की रात बिजली का लोहे का भारी भरकम खंभा किसी ने ट्रैक पर रख दिया था। इसी दौरान काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस देहरादून से वापस काठगोदाम उसी ट्रैक से जा रही थी। ट्रेन के लोको

पायलट ने रेलवे लाइन पर बिजली का खंभा देखा तो चौंक गए। तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। साथी रेलकर्मियों की मदद से खंभे को ट्रैक से हटाया भी गया।

डीजे को लेकर सीजे नाराज

बिलासपुर,20 सितंबर। डीजे की कानफोड़ू और जानलेवा आवाज को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की नाराजगी एक बार फिर सामने आई। सीजे रमेश सिन्हा ने महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत से कहा कि, आपने तो शपथ पत्र देकर सब दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था। तब ऐसे हालात क्यों बन रहे हैं। आम आदमी शांति से रहना चाहता है, पर ऐसी स्थिति में कैसे रहे। स्वाभाविक है अंबिकापुर और दुर्ग जैसी हृदय विदारक घटनाएं होंगी ही। परेशान व्यक्ति और क्या कर सकता हैचीफ जस्टिस ने ध्वनि प्रदूषण की स्थिति पर निरंतर मानिटरिंग करने और कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। पीआइएल की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने दुर्ग की घटना का विशेषतौर पर उल्लेख किया और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नाराजगी जताई। सीजे ने कहा कि जब एक व्यक्ति त्योहार में तेज आवाज में डीजे नहीं बजाने का अनुरोध किया तो उसे इन्कार कर दिया गया, परेशान व्यक्ति घर पहुंचा और आत्म हत्या कर लिया। सीजे सिन्हा की नाराजगी के बीच जब महाधिवक्ता ने दुर्ग की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि, समिति के सदस्य ने मृतक को जो धमकी दी थी उससे वह आहत था। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि, कोई भी धमकी दे कानून से बड़ा कोई नहीं है। सीजे ने एजी से कहा कि जितनी आवाज में स्पीकर्स और साउंड बाक्स को बजाने की अनुमति है, उतनी ही आवाज में डीजे बजाने का प्रबंध करें। इसके साथ ही चीफ जस्टिस ने महाधिवक्ता को याद दिलाते हुए कहा कि इसी तरह की बातें और आश्वासन शासन की ओर से आपने शपथ में दिया है। पीआइएल की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की नाराजगी बार-बार सामने आ रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नागरिक अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक हैं मगर कर्तव्यों के लिए उनकी कोई जवाबदारी दिखाई नहीं देती है। यह गंभीर बात है। नागरिक कर्त्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही जरुरी है। चीफ जस्टिस ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि त्योहार को मनाने के नाम पर कुछ लोग नशा कर रहे हैं। नशे की हालत में अमर्यादित व्यवहार भी कर रहे हैं। सीजे ने सवाल उठाते हुए पूछा कि डीजे इतनी आवाज में बजेगा तो छात्र कैसे पढ़ाई करेंगे। दुर्ग और अंबिकापुर जैसी घटनाएं होती रहेंगी। इन सबकी जिम्मेदारी कौन लेगा। डिवीजन बेंच के समक्ष बिलासपुर एसपी रजनेश सिंहि ने हलफनामा पेश किया। महाधिवक्ता ने कहा है कि, अनुमति योग्य आवाज में साउंड सिस्टम रखने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि पूरे प्रदेश में ध्वनि प्रदूषण की स्थिति पर निरंतर मानिटरिंग की जाए। पीआइएल की अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने 21 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

एशियन चैंपियंस ट्राफी-चीन 2024, पुरुषवर्ग में भारत ने खिताब जीता

jasclaudius@gmail.com

इस सिलसिले को बनाए रखने के लिए चाहिए जुनून

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेल चाहे जो भी हो लेकिन वर्तमान परिस्थिति में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। टीम खेलों में चाहे हाकी हो या फुटबाल, हैंडबाल हो या बास्केटबाल हो। उसी तरह एकल, युगल, मिश्रित खेलों में चाहे बैडमिंटन, शतरंज, टेनिस, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी हो। सभी में दो तीन वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रेकिंग या महाद्वीपीय आधार पर विभिन्न देशों की टीम या खिलाड़ियों की वरीयता आगे-पीछे होती रहती है। सबसे बड़ी बात आधुनिक युग में एक दूसरे को पछाड़ने की चाहत है। हाकी में भारत के लिए 1928 से 1972 के युग को हम स्वर्णकाल कह सकते हैं। भारतीय शैली में ड्रिब्लिंग, छोटे-छोटे पास, आफ साइड, स्टीक से गेंद की मारक क्षमता आदि नियमों के कारण हाकी खेल में लय होती थी लेकिन वर्ल्ड हाकी में एशियाई देशों के प्रतिनिधियों की पकड़ ढीली होने के कारण कलात्मक हाकी का स्थान तेजतर्रार हाकी ने ले लिया। अब यह खेल ताकत और चुस्त-दुरुस्त रहने वाले खिलाड़ियों के टीम के लिए लाभप्रद हो गई। मैच के दौरान लंबे शक्ति भरे शाट, गेंद के निरंतर चलायमान होने की वजह से अब फुर्तीले, मजबूत, सटीक खिलाड़ियों के लिए हाकी का खेल ज्यादा लाभप्रद हो गया है। 1982 के बाद जिस तरह भारतीय हाकी की हालत हुई वह किसी से छिपा नहीं है परंतु भारत सरकार, केंद्रीय खेल मंत्रालय, ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नबीन पटनायक, भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा हाकी को पुर्नस्थापित करने की जो बीड़ा 1995 के पश्चात उठाया वह 21वीं सदी में फलीभूत हो रहा है। भारत 1998, 2014 कके एशियाई खेलों में हाकी की चैंपियन बनी। इसकी सबसे बड़ी वजह हाकी के कर्णधारों के द्वारा सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग की टीम बनाकर उनमें से पक्षपात रहित ढंग से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनकर भारतीय हाकी टीम को तैयार करना है। इन खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संतुलित आहार और अत्याधुनिक खेल परिसर, खेल सामग्री दी जा रही है। मुकाबले की तैयारी के लिए विदेश का दौरा कार्यक्रम रखा जाता है। इन सबका परिणाम हमें 2020 के टोक्यो के साथ 2024 के पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के रूप में मिला। यही नहीं ऐसी सफलता ने हमारे खिलाड़ियों में जोश भर दिया। जिसकी वजह से से गत दिनों चीन में सम्पन्न एशियन चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस टूर्नामेंट में जिन देशों की टीम ने भाग लिया उनके नाम तथा उनकी विश्व तथा एशिया में वरियता क्रमशः कोष्टक में दी गई है जो इस प्रकार है। भारत (05, 01), मलेशिया (13, 02), कोरिया (14, 03), पाकिस्तान (15, 04), जापान (16, 05), चीन (23, 06)। पिछले दो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हौसला वैसे भी बढ़ा हुआ है। साथ ही आपसी तालमेल, आक्रमण व बचाव, जुझारूपन भारतीय टीम की सफलता में वरदान साबित हुआ। इसके लिए सबसे बड़ा श्रेय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को जाता है उन्होंने न सिर्फ टीम को एक सूत्र में पिरोए रखा बल्कि स्वयं ने पेनाल्टी कार्नर के माध्यम से विपक्षियों पर गोल दागे। लीग में भारत ने अपने सभी पांच मैच जीते जबकि सेमीफाइनल में कोरिया को 4-1 तथा फाइनल में चीन के 1-0 से परास्त किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चैंपियनशिप में सात गोल दागे। भारतीय टीम ने अपने प्रतिष्ठा के अनुकुल टूर्नामेंट में 26 गोल किए उनके विरुद्ध सात मैच में सिर्फ 5 गोल हुए। जिसमें पेनाल्टी कार्नर से 8 गोल आये। जिस तरह का खेल भारतीय हाकी टीम इन दिनों दिखला रही है वह सचमुच पुराने दिनों की याद कराती है। भारत में हाकी को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए हाकी इंडिया को जिला स्तर की स्पर्धा करवाकर खिलाड़ी चुनने होंगे। भारतीय हाकी टीम की पिछले चार वर्षों की सफलता को बरकरार रखने के लिए हाकी इंडिया को बधाई तथा अब लीग आधार पर प्रदेश के साथ राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन बेहद आवश्यक है।

धुंआ-धुंआ हुआ लेबनान, इजराइल ने की एयरस्ट्राइक

नई दिल्ली,20 सितंबर। लेबनान और हिजबुल्लाह पर इजराइल ने त्रिपल अटैक किया है। मंगलवार को पेजर्स में सीरियल ब्लास्ट के बाद बुधवार को वॉकी-टॉकी-रेडियो में सीरियल विस्फोट के बाद गुरुवार को एयरस्ट्राइक की। इजराइल के फाइटर जेट लेबनान के आसामन में घुसकर हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ बमबारी की। इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के 1000 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर बैरल नष्ट कर दिए। इजरायल की सेना IDF ने इसका वीडिया भी जारी किया है। इससे लेबनान का आसामान धुंआ-धुंआ हो गया।

अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में किया स्वागत

भिलाई, 20 सितंबर। अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। पंथी नृत्य के बीच जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। दुर्ग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से कुल 185 श्रद्धालु शामिल है। इस यात्रा में बस्तर, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटी-कोटी धन्यवाद दिया। तीर्थ यात्रियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की प्रतियां भेंट की गई।

एक नजर

गौ तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

भिलाई, 20 सितंबर। भिलाई - 3 थाना क्षेत्र अवैध रूप से गौ तस्करी करने वाले दो आरोपियों को भिलाई - 3 पुलिस ने पकड़ा है उनके कब्जे से करीब 74 नग मवेशी जब्त किया है वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पथरों में कुछ लोग मवेशियों को कत्लखाना ले जाने तीन गाड़ियों में 6 मवेशी बिना चारा पानी के ठूंस ठूंसकर क्रूरतापूर्वक भर रहे हैं सूचना पर दबिश दी गई जहां मवेशी तस्कर पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए वाहन आईसर टाटा में 6 मवेशी, दूसरे बिना नंबर को मवेशी भरने के लिए रखे थे एक स्कूटी और थी इसके अलावा ग्राम पथरों के प्राथमिकशाला के बाजू में आरोपी विशाल भारती ऊर्फ विक्की, संगीत उर्फ मधुकर मवेशियों को कत्लखाना ले जाने ईंटा से दीवाल परदा का घेरा बनाकर रखा 68 नग मवेशी एवं वाहन में भरे 6 मवेशी रखे थे उन्हें नीचे उतरवाया गया कुल 74 नग मवेशियों को जब्त किया गया ।

प्रेम जाल में फांसकर दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई, 20 सितंबर। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र की एक महिला को प्रेम जाल में फांसकर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित ने पीड़िता के साथ बिताए हुए निजी पलों की फोटो व वीडियो बना ली थी जब पीड़िता ने उससे संबंध रखने से इन्कार किया तो आरोपित ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया लगातार ब्लैक मेलिंग से तंग आकर पीड़िता ने उससे मिलने से मना कर दिया तो आरोपित ने उसके देवर को उसकी अश्लील फोटो व वीडियो को भेज दिया जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की पुलिस से शिकायत होने की जानकारी लगते ही आरोपित गाजीपुर उत्तर प्रदेश भागने वाला था पुलिस ने उसे पावर हाउस रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि आरोपित महेंद्र कुमार बिंदु (26 साल) ग्राम गोरा बाजार कसाई मोहल्ला जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश का रहना वाला है वो कुछ दिनों से हार्डवेयर लाइन सुपेला में रहकर यहीं काम कर रहा था यहां रहने के दौरान उसकी पहचान पीड़िता से हुई आरोपित ने पीड़िता का मोबाइल नंबर लिया और उससे बातें करने लगा इसके बाद आरोपित ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फांसकर उसका दैहिक शोषण शुरू कर दिया था इसके बाद आरोपित ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म धमकाने और आइटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है।

दो कॉलेजों में मैराथन आयोजित

उतई, 20 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक इस महाअभियान में आज 20 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय चंदू लाल चन्द्राकर कला व विज्ञान महाविद्यालय में मैराथन दौड का आयोजन हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष व जनभागीदारी के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर अध्यक्ष होरी लाल देवांगन, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीवास्तव मैडम, बी एम साहू, चंद्र शेखर देवांगन, सागर सोनी, नगर पंचायत के स्टांप योगेश भोई जलज पांडेय, प्रवीण कुम्भकार महाविद्यालय के छात्र छात्रों की उपस्थिति रही ।

कवर्धा। स्टूडेंट्स ने गणेश भगवान की मूर्ति को विसर्जित किया ।

कवर्धा। आज भी मास्क पहनकर बेचते है चश्मा और टोपी और पितृ पक्ष के कारण बिक्री हो रही है कम

अभियंताओं को पृथ्वी के संरक्षण के लिए देना होगा योगदान:पुनीत चौबे

भिलाई, 20 सितंबर। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा द्वारा भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन के अवसर पर इंजीनियर भवन सिविक सेंटर में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री उपस्थित थे। अतिथि वक्ता के रूप में आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर डॉ सौरद्वितीय पॉल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की। शाखा के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि बिपिन कुमार गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरा विश्व बदलाव की ओर अग्रसर है और वर्तमान व्यवस्था इस परिवर्तन को आत्मसात करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में 1991 के व्यापार के उदारीकरण के बाद हम विश्व समुदाय से एकीकृत हुए और वैश्विक विविधताओं से हमारा सामना हुआ जिनसे हमने सीखा और उसे हम अपने देश की विविधताओं की वजह से बेहतर ढंग से संभाल पाए। गिरी ने कहा कि वर्तमान में विश्व समुदाय की परेशानियां लगभग एक सी हैं। विशिष्ट अतिथि योगेश शास्त्री ने अभियंता को परिभाषित करते हुए कहा कि हमारा कार्य योजना बनाना, योजना के अनुरूप डिजाइन करना और उसे मूर्त रूप देना है। विशिष्ट अतिथि वक्ता डॉ सौरद्युति पॉल ने अभियंता दिवस की थीम ड्राइविंग सस्टेनेबिलिटी विथ इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस एंब्रेसिंग लेटेस्ट ए आई ड्रिवन टेक्नोलॉजीज को अपने प्रस्तुतिकरण के द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने बताया कि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की भिलाई शाखा की स्थापना सन 1961 में हुई थी और तबसे संस्था द्वारा इंजीनियरिंग ज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देती सराही है। उन्होंने सेल एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संस्था की भिलाई शाखा को दिए गए निरंतर सहयोग की सराहना की और आभार प्रकट किया। चौबे ने उपस्थित इंजीनियर्स से कहा कि आज तक आधुनिक विश्व के निर्माण में सभी ने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण असंतुलन से मानव जीवन के अस्तित्व पर है और अभियंताओं को इसकी रक्षा और पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान देना होगा। कार्यक्रम में मेसर्स यूनिकॉन इंजिनियर्स कोयंबटूर के प्रोजेक्ट हेड सैमुअल ने प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के बारे में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत रूप से समझाया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत, पूर्व मुख्य महाप्रबंधक छाबड़ा, आई एस लंबा, एस सी आनंद, पी के तिवारी, बी पी यादव, कैलाश मल्होत्रा, शिखर तिवारी, उद्योगपति चितलांगिया, अरविंद रस्तोगी, रूपेश गुप्ता, श्रीमती ख्याति साहू, डा नागेंद्र त्रिपाठी, अजय साहू एवं शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्य के प्रतिनिधि एवं छात्र उपस्थित थे। संचालन सिद्धी चौबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रोफेसर निशांत यादव ने किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएसपी में कई आयोजन

भिलाई, 20 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का आयोजन 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 19 सितम्बर को भिलाई इस्पात संयंत्र और इस्पात नगरी भिलाई में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। संयंत्र के टी एंड डी विभाग में स्वच्छता के लिए लोगों को शपथ दिलाई गई और कार्यालय परिसर की विशेष रूप से सफाई की गई।

बीएसपी ने किया स्वच्छता जागरूकता के लिए शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन

भिलाई, 20 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा 20 सितंबर को संध्याकाल 7 से 8:30 बजे तक सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के समीप सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कवर्धा। हरीतिमा टीम ने पौधे को जल देकर पौधे की सुरक्षा का संदेश दिया । सुनील जैन ने बताया की पौधा है तो जीवन है ।

नगर पालिक निगम भिलाई में अधिकारी कर्मचारियों का आयुक्त ने बदला पदभार

भिलाई, 20 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई भिलाई के आयुक्त ने आदेश जारी कर कई अधिकारी/कर्मचारियों के विभागों में बदलाव किया है। निगम भिलाई में जो कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। उनका प्रतिमाह सेवानिवृत्त होता जा रहा है। जिससे कार्यालयीन व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागो में बदलाव किया गया है। जारी आदेश में सहायक अभियंता अनिल सिंह को वर्तमान कार्यो के साथ-साथ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी एवं कार्यालय सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को पूर्व अन्य कार्यों के साथ-साथ सहायक परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का कार्य सौंपा गया है। इसी तारतम्य में अन्य कर्मचारियों के विभागो में बदलाव किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से सहायक ग्रेड-02 डी. रवि को राजस्व विभाग से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, सहायक ग्रेड-02 विकास बेलकर को जोन क्रं. 04 से योजना शाखा, राजस्व उपनिरीक्षक राजेश पालवे को जनस्वास्थ्य विभाग से प्रभारी सहायक अधीक्षक जनस्वास्थ्य विभाग, डाटा एन्ट्री आपरेटर ओमकार यादव को राजस्व विभाग से विधि विभाग लिपिकीय कार्य, डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमुदनी शर्मा को राजस्व विभाग राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप हुमने को संपत्ति कर विभाग से राजस्व विभाग, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनय कुमार मेश्राम को जनगणना विभाग से राजस्व विभाग, हेल्पर/क्लीनर अंजनी सिंह को जोन क्रं. 02 के साथ सहायक प्रभारी तोड़फोड़ दस्ता, हेल्पर/क्लीनर युवराज साहू को अनुसूचित जाति विभाग में लिपिक राजस्व विभाग, भृत्य मुनिया बाई को राजस्व विभाग से जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ किया गया है।

मरार पटेल महिला सोसायटी के तीज मिलन में विविध कार्यक्रम आयोजित

भिलाई, 20 सितंबर। मां शाकंभरी मरार पटेल महिला जन कल्याण सोसायटी के तत्वावधान मे तीज मिलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने विविध कार्यक्रम आयोजित किये। सर्वप्रथम सभी महिलाओं को कुमकुम लगाकर सचिव श्रीमती डीकेश्वरी पटेल ने स्वागत किया, तत्पश्चात मां शाकंभरी की पूजा अर्चना की गई।

उसके बाद महिलाओं द्वारा डांस, कविता, गेम आयोजित किए गए। कविता गीत संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्रीमती झरना पटेल, श्रीमती सुमन पटेल, श्रीमती साक्षी पटेल, श्रीमती रुखमणी पटेल ने डांस प्रस्तुत किया। सभी महिलाओं ने खूब आनंद उठाया। गेम में (इन आउट) श्रीमती हेमलता पटेल द्वारा गेम (चूड़ी चना) श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा (हौजी गेम) की खूब इंजॉय किया गया। इसके बाद (रैंप वॉक) हुआ। तीज क्वीन श्रीमती झरना पटेल को चुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती रोहिता पटेल अध्यक्ष, श्रीमती उषा पटेल उपाध्यक्ष, श्रीमती डीकेश्वरी पटेल सचिव, श्रीमती कल्पना पाटिल कोषाध्यक्ष, सह सचिव श्रीमती हेमलता पटेल, श्रीमती रुखमणी पटेल, श्रीमती सरोज पटेल, श्रीमती भगवती पटेल, श्रीमती भगवती पटेल, श्रीमती विजय लक्ष्मी पटेल, श्रीमती सरोज पटेल, श्रीमती साक्षी पटेल, श्रीमती लेखा पाटिल, श्रीमती भारती पटेल ,श्रीमती भगवती पटेल, श्रीमती माधुरी पटेल ,श्रीमती लता पटेल, श्रीमती जयंती पटेल, श्रीमती सरस्वती पटेल, श्रीमती सुमन पटेल ,श्रीमती पुष्पा पटेल, श्रीमती पूर्णिमा पटेल, श्रीमती गायत्री पटेल, श्रीमती शिव कुमारी पटेल, का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का सुचारू रुप से संचालन श्रीमती साक्षी पटेल एंव श्रीमती डिकेश्वरी पटेल द्वारा किया गया, आभार प्रदर्शन श्रीमती उषा पटेल के द्वारा किया गया।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित संस्थानों का किया जायेगा सुरक्षा आडिट

भिलाई, 20 सितंबर। संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के तहत संस्थानों का सुरक्षा आडिट किया जाना है। जिसके परिपालन में नगर निगम भिलाई अंतर्गत संचालित समस्त कोचिंग सेंटर, स्कूल, कालेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानो का सुरक्षा ऑडिट किया जाना है। ऐसी जानकारी मिली थी कि इन संस्थानों द्वारा शासन के निर्धारित सुरक्षा गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है जिस आधार पर इनके द्वारा परमिशन लिया जाता है, नियमों की अवहेलना किया जा रहा है। उन्ही कार्यो के लिए पूर्व सुरक्षा ऑडिट समिति में आंशिक संशोधन करते हुए पुनः समिति का गठन किया गया है। निगम आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी ने आदेश जारी करते हुए पुनः सुरक्षा ऑडिट समिति का गठन किये है। समिति में प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, प्रभारी राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी को समिति का कार्य सौंपा गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत संचालित समस्त कोचिंग सेंटर, स्कूल, कालेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानो का सुरक्षा ऑडिट 1 माह के भीतर किया जाना है। जिसमें समिति परीक्षण कर पालन प्रतिवेदन तैयार करेगा। जिसके आधार पर जानकारी तैयार कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। समस्त संस्थान सुरक्षा की श्रेणी में है या नहीं इसकी जाँच करेंगे।

शिकायत के बाद सुधारी गई शंकरनगर की बोरिंग

भिलाई, 20 सितंबर। नंदिनी रोड शंकर नगर छावनी वार्ड क्रमांक 40 करुणा हॉस्पिटल के पास मोहल्ले में शासकीय हैंड पंप बोरिंग नंबर 13 रेती भरी ट्रैक्टर ट्राली रिवर्स करते समय ठोकर लगने से हैंडपंप टूट गया था। जिसके कारण पानी की समस्या हो रही थी। जिसकी शिकायत समाजसेवी राजू गुप्ता ने की थी। खराब पड़ी बोरिंग को राजू ने निदान 1100 में ऑनलाइन शिकायत भी किया था। जिसे बृहस्पतिवार 19 सितम्बर को नगर निगम द्वारा सुधार दिया गया।

जनसेवक लक्ष्मीकांत ने कदंब का पौधा लगाया

नवागढ़ । छत्तीसगढ़ की पावन तीर्थ पर्यटन नगरी और नवागढ़ विधानसभा का गौरव ग्राम ढनढनी स्थित मां जुनी सरोवर के प्रांगण में जूनी सरोवर मेला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष और युवा जन सेवक लक्ष्मीकांत सिंह ठाकुर ने कदम का पेड़ लगाकर लोगों से पर्यावरण बचाने और सुरक्षा करने की अपील की है। उन्होंने जूनी सरोवर पतित पावनी मां गंगा के महिमा के बारे में बताया कि सन 1986 से जुनी सरोवर में भव्य मेला का आयोजन हो रहा है । जुनी सरोवर में स्नान करने मात्र से ही मन चाहे फल की प्राप्ति होती है एवं शरीर के बहुत सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

छत्तीसगढ़ में शराब बंद होना चाहिए, कई लोगों का मत

कवर्धा, 20 सितंबर। कवर्धा में अक्सर लोग चर्चा करते हुए देखे जाते है की शराब बहुत पीते है लोग जो की चिंतनीय विषय है । सुबह सुबह लोगो ने कहा की शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए । रायपुर और बिलासपुर के लोग भी बस स्टेंड पर बोले की फोटो नही खिचियो लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में शराब बंद होना चाहिए । कुछ लोगो ने कहा की शराब कहां बंद होगी राजस्व कैसे प्राप्त होता है । नशा मुक्ति अभियान का बोर्ड सिग्नल चौक , सभी नगर पंचायत में बैनर बोर्ड लगाना चाहिए जिससे की लोग नशा भी करे तो कम करे या लोगो मे नशा से बीमारियों की जानकारी मिलेगी तो शराब पीने की आदत छूट जाएगी । मनोज शर्मा , लक्ष्मण पांडेय , विनोद चंद्रवंशी , संतलाल कोसले , अखिलेश पाली , शमशाद शिद्दाकी और कई लोगो ने कहा की शराब बिकना पूरी तरह बंद होना चाहिए क्योंकि अपराध बढ़ते है या बहुत सारी बीमारी होने से परिवार भी असुरक्षित होता है और पारिवारिक झगड़े भी होते है । कवर्धा , बोड्ला , पांडातराई , पंडरिया , लोहारा में चौक चौराहों पर नशा मुक्ति अभियान के बैनर पोस्ट लगाना चाहिए और नशा मुक्ति रैली अभियान गांवो और शहरो में जनप्रतिनिधि और एनजीओ और एजुकेटेड लोगो के द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम होना चाहिए ।

खराब कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस 21 को करेगी छत्तीसगढ़ बंद

कवर्धा, 20 सितंबर। गुरुवार को लोहारीडीह घटना स्थल से लौटने के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रेस कांफ्रेंस में सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप और गृहमंत्री के जिले में घटना होने के चलते गृहमंत्री को बर्खास्त करने मुख्यमंत्री से की मांग । पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई है इस पर भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की गई । इक्कीस सितंबर को कांग्रेस छत्तीसगढ़ राज्य बंद करेगी ।

वार्ड क्रमांक-14 में हुआ डांस प्रतियोगिता का आयोजन

उतई, 20 सितंबर। नगर पंचायत उतई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 हथखोज पारा उतई में रात्रि कालीन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम कल्पना साहू द्वितीय सोना साहू तृतीय भूमिका साहू चतुर्थ करुणा ठाकुर ने प्राप्त किया बाकी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया इस दौरान वार्ड पार्षद प्रहलाद वर्मा वार्ड वासी चंद्रकांत पटेल राकेश यादव राजा चंद्राकर राकेश बबलू यादव संगीता रजक गीता हेडऊ सविता साहू मीनाक्षी साहू अविनाश साहू नकुल साहू दिनेश साहू चिराग राकेश वर्मा धनंजय साहू अनेक वार्ड वासी उपस्थित थे सभी ने मिलकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

कवर्धा से पोड़ी बीस रुपये लेने से स्टूडेंट परेशान

कवर्धा, 20 सितंबर। ग्रामीण अंचलों से स्टूडेंट कवर्धा में कालेज पढ़ने आते है लेकिन स्टूडेंट से पोड़ी से कवर्धा जाने वाली बस में किराया बीस रुपया लिया जाता है जिससे स्टूडेंट चिंतित हुए और उन्होंने दर्द भरे लहजे में कहा की कुछ बस वाले दस रुपया लेते है जो की अच्छी बात है लेकिन बीस रुपया किराया महंगा होता है ।

14 समितियों ने मनमोहक झांकियां निकाली, कांग्रेस के पंडाल में विवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 20 सितंबर। विघ्नहर्ता श्री गणेश विसर्जन झांकी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आये भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। विसर्जन झाँकी को देखने के लिए रात्रि से सुबह 8.30 बजे तक भक्तो का तांता लगा रहा। इस वर्ष 14 समितियों के द्वारा जिसमें प्रमुख रूप से आदर्श नवयुवक समिति ठेठवार पारा, स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा, गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति भगतसिंग मछली पसरा, प्रगति मंडल गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा विनर क्लब गणेश उत्सव समिति भगतसिंग चौक, तारन पिप्लेश्व 'गणेश उत्सव समिति थाना चौक, केपी व्यास गणेश उत्सव समिति कंडरापारा, व्यायारी संघ गणेश उत्सव समिति गोल बाजार, जागो युवा एकता संगठन गणेश उत्सव समिति बधियाटोला,सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालकापारा, शिवशक्ति संस्कार परिवार गणेश उत्सव समिति राधिका नगर, श्री साँई गणेश उत्सव समिति डीपरापारा, श्री बाल गणेश उतस्व समिति महावीर पारा, वीर क्लब गणेश उत्सव समिति शुक्रवारी पारा के द्वारा नयनाभिराम मनमोहक झाँकियाँ निकाली गई थी जिसकी प्रस्तुति देर रात से लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक चलती रही। तो दूसरी ओर कई सामाजिक संस्थाओ के द्वारा आने वाले भक्तो के लिए निशुल्क पेय पदार्थ, पोहा,चाय, पानी की व्यवस्था स्टॉल लगाकर निशुल्क सेवा दी गई। इसमें प्रमुख रूप से बुधवारीपारा, भंडारी चाल स्थित नपा वाचनालय व गोल बाजार में चार स्थानों पर भक्तों के लिए जलपान की मुफ्त व्यवस्था की गई थी। जिसका लुफ्त रात भर से लेकर विसर्जन तक भक्तो ने आनन्द लिया। इस वर्ष 16 समितियों के द्वारा झांकी निकाली गई थी। इन झाँकियों में शंकर व जलान्ध 'के बीच युध्द पर आधारित झांकी, मत्स्य अवतार से नरसिंग अवतार, कृष्ण लीला, देवलोक, होलिका दहन, माँ की ममता से लेकर अन्य मनमोहक झाँकियाँ गणेश समिति की द्वारा प्रस्तुत की गई। इन झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए कांग्रेस, भाजपा दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी के अलावा प्रमुख रूप माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, हनुमान भक्त, व्यपारी संघ, प्रगति मंडल, रेलवे चौक में कुल सात स्थानों पर पंडाल व मंच लगाकर निर्णायक मंडल के द्वारा उत्कृष्ट मनोरम झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए विभिन्न इनामाँ की घोषणा की गई थी।

श्री माँ बम्लेश्वरी मंदीर ट्रस्ट समिति के निर्णायक मंडल के द्वारा व्यापारी संघ गोलबाजार को प्रथम पुरुस्कार 15 हजार नगद व रनिंग शील्ड, दितीय पुरुस्कार श्री स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति को 11 हजार नगद व रनिंग शील्ड, तृतीय पुरुस्कार सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति को नगद 09 हजार व रनिंग शील्ड व विशेष पुरुस्कार स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित चलित झांकी ज्योत जंवारा विसर्जन, जागो युवा एकता, संगठन गणेश उत्सव तथा स्थल झांकी जेल रोड रामनगर संस्कार ग्रुप को 21-21 सौ नगद व अन्य समितियों के द्वारा जो झांकी प्रस्तुत की गई थी उन प्रत्येक समितियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 15-15 सौ रु का नगद पुरुस्कार ट्रस्ट मंडल के द्वारा प्रदान किया गया। तो दूसरी तरफ भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन के द्वारा बताया गया कि मंच पर आसीन पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर सहित भाजपा के पदाधिकारीओ व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रत्येक गणेश उत्सव समितियों को झांकी की प्रस्तुति के लिए 3100/- का पुरुस्कार प्रदान किया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया है कि कांग्रेस के द्वारा गोलबाजार स्थित फ़व्वारा चौक के समीप पुरुस्कार वितरण के लिए निर्णायक मंडली एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए पंडाल लगाया गया था। झांकी से संबंधित बैनर पोस्टर मंच पर लगाए गए थे इस दौरान डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे इसी बीच युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीपसिंह गहरवार अपने साथी अरशद खान व शुभम यादव के साथ कांग्रेस के मंच में पहुंचकर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष विजयराज सिंह के साथ धक्कामुक्की करते हुए गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिससे कांग्रेस के मंच में भगदड़ सा मच गया। आरोपियों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा था कि मंच के ऊपर लगाए गए बैनर पोस्टर में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का फोटो क्यों नही लगा है। जिसके कारण घंटो तक गोल बाजार में अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। घटना के बाद प्रार्थी शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिंह के द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत थाने में की गई और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 499/24, 115 बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

कवर्धा लोहारडीह की पूरी घटना की सीबीआई जांच हो:छन्नी चंदू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छूरिया 20 सितंबर। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी चन्दू साहू जी ने कवर्धा जिला के रेंगाखार क्षेत्र के ग्राम लोहारडीह के युवक शिवप्रसाद साहू की संदिग्ध मौत से ग्रामवासियों में जो आक्रोश पनपा जिसकी जानकारी लेने प्रदेश कांग्रेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के वरिष्ट कांग्रेश नेताओ के साथ मिलकर ग्रामवासियों एवं समस्त पीड़ित परिवार से संवाद वार्तालाप किये और छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कवर्धा में पिछले चार दिनों से हो रहा घटनाक्रम बहुत ही हृदयविदारक है,प्रदेश के गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जी के गृह जिले में कानून व्यवस्था इतनी लाचार है कि पहले एक व्यक्ति की संदेहास्पद मौत हो जाती है,इस मौत के आक्रोश में लोहारडीह के पूर्व सरपंच के घर पर आग लगा कर उनकी हत्या कर दी जाती है

पुलिस अगर मुस्तैद होती तो इन दोनों घटनाओं को रोका जा सकता था - मगर कार्रवाई में पुलिस ने किया भी तो क्या पूरी बस्ती पर लाठी चार्ज, अनगिनत गिरफ्तारी और पुलिस थाने में बर्बरता से पिटाई नतीजन एक होनहार युवक प्रसांत साहू की पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु हो गई और कई बुरी तरह से चोटिल हैं। छन्नी साहू ने आगे कहा कि इस अपराध की हाई लेवल इंक्वायरी होनी चाहिए - मृतक की पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट और घायलों के मेडिकल रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं और अपराधियों समेत सभी दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए गृह जिले में ऐसी भयंकर घटना के बाद भी निष्क्रिय रह कर गृहमंत्री अपने पद की गरिमा और नैतिक ज़िम्मेदारी को तिलांजलि दे चुके हैं। छत्तीसगढ़ एक शांतिप्रिय प्रदेश है - यहां ऐसे जघन्य अपराधों और पुलिस बर्बरता का कोई स्थान नहीं है,शासन छोटी छोटी बातों में सीबीआई जांच कराती है हम मांग करते है कि लोहरढीह घटना में पुलिस की मार से पुलिस की अभिरक्षा में मृत प्रशांत साहू की सीबीआई जांच हो।उन्होंने आगे कहा कि आज घटना के बाद पुलिस लोगों पर बर्बरता दिखा रही है निर्दोष पर कार्रवाई होगी, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी. आज छत्तीसगढ़ जल रहा है और भाजपा की सरकार मूकदर्शक बनी है. इसकी जांच की जानी चाहिए. इस पूरी घटना के लिए भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए बीजेपी के शासन में प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है.छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज तक इस तरीके की घटना नहीं हुई है.जिसमे पूरे गांव से प्रत्येक घर से बच्चे बूढे जवान, महिला यहाँ तक कि दुधमुंही बच्चे की माँ को भी नही बक्सा और गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है, हम सरकार से मांग करते हैं कि निर्दोष लोगों के साथ गलत ना किया जाए. इस घटना के बाद से ग्राम के कई लोग लापता हैं, प्रशासन इसकी सूची जारी करे श्रीमति छन्नी चन्दू साहू ने इस पूरे घटना को प्रशासनिक फेलियर माना है.इसके लिए गृह मंत्री विजय शर्मा एवं विष्णुदेव साय सरकार से इस्तीफे की मांग की है।

एक नजर

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 7 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव 20 सितम्बर। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 सितम्बर को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 23 सितम्बर को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय कुम्हार पारा मोहारा में एवं 24 सितम्बर को मोहद वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहद में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

प्रधानमंत्री आवास योजना से खुमान बाई साहू को मिला पक्का मकान

राजनांदगांव 20 सितम्बर। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चौथना निवासी श्रीमती खुमान बाई साहू को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए राशि प्राप्त हुई। श्रीमती खुमान बाई ने योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि से सुसज्जित पक्का मकान का निर्माण कराया और अपने परिवार के साथ खुशी से जीवन यापन कर रही हैं। श्रीमती खुमान बाई ने बताया कि आवास स्वीकृत होने के बाद उन्हें 4 किस्तों में 1 लाख 30 हजार रूपए से अपना घर बनवाया और रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस की मजदूरी राशि भी प्राप्त हुई है। श्रीमती खुमान बाई ने बताया कि उनके पति का बीमारी के कारण देहांत हो गया, जिसके बाद वे मजदूरी करके अपना और अपने बेटे का पालन पोषण करके जीवनयापन कर रही है। ऐसे में एक पक्के मकान बनाने के लिए बड़ी राशि इक्कट्ठा करना बहुत मुश्किल था। श्रीमती खुमान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनके नाम पर आवास स्वीकृत हुआ और उनका पक्का मकान बन गया। श्रीमती खुमान बाई ने बताया कि उन्हें पति के जाने के बाद, काफी कठिनाईओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वे अपने बेटे व बहू के साथ कच्चे जर्जर मकान में निवास करती थी। बारिश के दिनों में पानी टपकता था, जिससे घर के चारों तरफ पानी भर जाता था। फिर मुझे कुछ दिनों बाद ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और आज पूरा परिवार खुशी से नये पक्के मकान में खुशी से जीवन यापन कर रहे हैं।

विभागीय योजनाओं की जानकारी लेने नगरी पहुंचे सचिव और संचालक

नगरी 20 सितंबर। विभागीय कार्यों की जायजा लेने महिला बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी एवं संचालक श्रीमती तूलिका प्रजापति का विकासखंड मुख्यालय नगरी के परियोजना कार्यालय में आगमन हुआ इस दरमियान सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एवं संचालक द्वारा नगरी के आगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 10 और डिहिपारा नगरी का निरिक्षण किया गया, बता दें कि पोषण माह के अंतर्गत जिले भर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार सहित विभिन्न आयोजन 1 से 30 सितम्बर माह तथा 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है, महिला एवं बाल विकास सचिव द्वारा गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी भी दिया गया तथा महतारी वंदन के हितग्राहियों से भी बात किया गया, महतारी वंदन के हितग्राहियों को सचिव महिला एवं बाल विकास द्वारा पोषण किट तैयार करने की सलाह भी दिया गया ।

कार्यशाला में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को आसपास सफाई के लिए प्रेरित किया

राजनांदगांव 20 सितम्बर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है, इसी कडी में शहरी पथ विक्रताओं के लिये आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला का आयोजन नगर निगम सभागृह में किया गया। स्वच्छता अभियान मे गत 17 व 18 सितम्बर को स्वच्छ विसर्जन कुण्ड के तहत इको फ्रेंडली गणेश विसर्जन करने मोहारा में निर्मित विसर्जन कुण्ड में शहर में स्थापित छोटे बडे गणेश प्रतिमा के अलावा घरों में विराजित गणेश प्रतिमा का विसर्जन कराया गया। निगम सभागृह में शहरी पथ विक्रेताओं के लिये आयोजित स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके ने कार्यशाला में उपस्थित पथ विक्रेताओं, महिला समूहो की सदस्य एवं सामुदायिक संगठकों को स्वच्छता अपनाने, अपने आस पास साफ सफाई रखने, लोगों को स्वच्छता से जोडने समझाईस दिये।

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता या अधिकारियों की मनमानी, मजदूरों को नहीं बंटा टिफिन डब्बा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 20 सितंबर। राजनीति मे अक्सर देखा गया सत्ता सरकार बदलते ही सबसे पहले सरकारी अमला सत्ता सरकार से बेदखल नेताओं व जनप्रतिनिधियों से मुह मोड़ लेते है, हालात ये होते है, हाल ये होता है कि पुराने सरकार के समय मे गरीब मजदूर किसानों के लिए बनाए योजनाओं को ठंडे बस्ते मे डाल कर खामोशी अख्तियार कर लेते है, सरकारी अमला की इसे मजबूरी कहा जा सकता है,क्योंकि पूर्व सरकार के समय बनाए गए योजनाओं पर वे मेहनत करते है,तो नई सरकार के मुखिया के नाराजगी का सामना करना पड़ेगा,बड़े से लेकर छोटे अधिकारी का अपने मर्जी से कुछ भी निर्णय लेने का साहस नही होता क्यों उसके बाद उसका अंजाम क्या होगा ? उन्हें मालूम होता है । राजनांदगांव जिला मे छुरिया जनपद जिसमे हर वक्त कुछ न कुछ मामले होते है, उसके चलते हमेशा चर्चा मे रहता है, यहाँ पूर्व मे भाजपा सरकार के समय जब डॉ. रमन सिह मुख्यमंत्री थे उस वक्त छुरिया जनपद मे मनरेगा मजदूरों को भोजन रखने 21853 नग टिफिन डब्बा खरिदी किया गया था खबर है ,एन वक्त पर विधानसभा चुनाव का घोषणा होने से आचारसंहिता लग गया और टीफीन डब्बा जीस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री का तस्वीर लगा हुआ है ,उसे मजदूरों को बाटा नहीं गया चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रदेश मे काग्रेंस की सरकार बनी फीर क्या था अधिकारीयो ने उक्त टिफिन डब्बो को बजाए बाटने के उसे गोदाम मे डलवा कर लाक करने मे ही अपना खैर समझा और आज जब प्रदेश मे भाजपा सरकार आ गया तब उक्त टीफीन डब्बे को किसी जवाबदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने गोदाम से निकलवा कर गरीब मजदूरों को बटवाने का पहल तक नही किया है, बड़े अधिकारी जब क्षेत्र मे दौरे पर होते है , तब ग्रामीण क्षेत्र का सरकारी अमला सारी ताकत उन अधिकारीयो के जी हुजूरी पर लगा देते है , वहीं सत्ता सरकार के सांसद मंत्री या विधायक क्षेत्र के दौरे पर होते है, तब सत्ता दल के चंद स्थानीय नेता अपना कद बढ़ाने जनहित का मुद्दा छोड़ अधिकारी ठेकेदारों के शिकवा शिकायत व फोटो खिचवाकर अपने को महिमामंडित करने मे लग जाते है। मनरेगा मजदूरों के लिए पूर्व भाजपा सरकार के समय खरिदी किया गया टीफीन डब्बा उच्च अधिकारी के निर्देश नही मिलने के चलते वर्तमान मे गोदाम पर रख दिया गया है।

हत्या के लिए दुष्प्रेरण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 20 सितंबर। प्रार्थी दिनांक 17/09/24 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, इसके लड़के कामता प्रसाद पटेल उर्फ जोगी को पुरानी रंजीश के चलते दिनांक 17/09/24 को शाम लगभग 05/00 बजे पेण्ड्री निवासी विधि से संघर्षरत बालक व साथी द्वारा गांव के बजरंग बली मंदिर के पास हत्या करने की नियत से चाकू से मार देने से मृत्यु होना बताने पर आरोपी के विरूध्द धारा सदर का पाये जाने से अपराध क्रमांक 418/24 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर बालक द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन में बताया की कुछ माह पूर्व शिवा साहू और विजय यादव उर्फ बाबा का गांव के ही कामता पटेल उर्फ जोगी के साथ झगड़ा हुआ था तब से उनके बीच में दुश्मनी चल रही थी, और विधि से संघर्षरत बालक का भी करीब दो माह पूर्व मृतक के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था जिस कारण शिवा साहू विधि से संघर्षरत बालक को बोला था की तेरा उम्र कम है तू कामता पटेल उर्फ जोगी को चाकू से मार देना तेरा ज्यादा कुछ नही होगा मैं तुझे जेल से छुडा लूंगा कहां था।

असामाजिक तत्वों, नशेड़ियों एवं गुण्डा बदमाशों के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

गणेश विर्सजन झांकियां परम्परा के अनुसार निकाली गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 20 सितंबर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 07.09.2024 से 18.09.2024 तक राजनांदगांव जिले के शहर सहित ग्रामींण अंचल में गणेश पर्व पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया, पुलिस प्रशासन द्वारा तीन माह पहले से ही गणेश समितियों के पदाधिकारियों से बातचीत कर तैयारियां शुरू कर दी गई थी। झांकी समितियों व गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों से झांकियों के रूट तय करने एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट के आदेशानुसार डी0जे0 साउण्ड सिस्टम पर पाबंदी लगाने के संबंध में गणेश समितियों से चार दौर में मीटिंग लेकर चर्चा किया गया था।

गणेश पर्व विर्सजन झांकी के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए श्रीमान संजय अग्रवाल जिला कलेक्टर महोदय, श्रीमान मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव द्वारा गणेश समितियों के पदाधिकारियों गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियो, मीडिया पत्रकारों एवं व्यवसायियों का मीटिंग लेकर गणेश पर्व के दौरान सहयोग करने एवं डी0जे0 साउण्ड सिस्टम संचालको को माननीय सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करने कि अपील की गई थी। गणेश पर्व के दौरान श्री राहुल देव शर्मा, श्री मुकेश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव, श्री पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा पूरे दल बल के साथ लगातार पेट्रोलिंग कर गणेश पंडालों वं भीड़भाड़ इलाकों तथा सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग गस्त कर लगातार स्थितियों का जायजा लेते रहे, थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, बागनदी, धुमका, सोमनी, गैंदाटोला, बोरतलाव, पुलिस चोकी चिखली, सुरगी, मोहारा, तुमड़ीबोड़, पुलिस द्वारा लगातार गस्त, पेट्रोलिंग व पांईट ड्यूटी में मुस्तैदी से तैनात रहकर असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखा गया था। श्रीमान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर गणेश पर्व व विर्सजन झांकी को देखते हुए विगत एक माह से असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशो एवं नशेडियो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट तथा धारा 170/126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्यवाही जेल भेजा गया। विर्सजन झांकी के दैरान भी चाकु लेकर घुमने वाले असमाजिक तत्वों के लिए भी अलग से टीम तैयार कर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके चलते गणेश पर्व एवं विर्सजन झांकी के दौरान पूरे राजनांदगांव जिले में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई।

समाचार संक्षेप

7 खिलाड़ियों का चयन खो-खो की राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ

छुरिया 20 सितंबर । छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय खेल खो खो रायगढ़ 19 सितंबर से 22 सितंबर तक होना है इसके लिए स्कूल के कु उर्मिला निषाद पिता परसराम, कु हिमांशी पिता तिलक कु चांदनी पिता लीलाराम सभी कक्षा 12वीं के विद्यार्थी हैं जो की सीनियर में खेलेंगे इस प्रकार कु सरस्वती पिता सुखीराम कु चार्ली निषाद पिता भगवानी कु डिगेश्वरी पिता परस राम सभी कक्षा नवमी तथा हेमराज साहू पिता खिलावन कक्षा दसवीं के विद्यार्थी हैं जो की जूनियर मे दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय में भाग लेने गए हैं बाद में इनका सिलेक्शन राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा इस साल स्कूल खेल खेल में भारत खो खो क्लब मातेखेड़ा से कुल 13 बच्चों का राज्य स्तरीय के लिए सलेक्शन हुआ है गत वर्ष इस क्लब से 10 लोगों का राज्य स्तरीय के लिए हुआ था साथ ही दो बच्चों का राष्ट्रीय स्कूल खेल में चयन हुआ था इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री व्ही के मंडलोई, श्री अखिलेश खरे पीटीआई, श्री ब्रह्मा देवांगन, श्री के एल साहू, श्रीमति भालाधरे, श्री एम के भंडारी, श्री हलधर चंद्रवंशी, श्री डी डी कंवर, श्री शुभम भट्ट, श्री तिलक यदु, श्री एस के भावरे साथ ही संस्था के सभी स्टाफ द्वारा इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई इसी कड़ी में श्री टोमेन साहू संकुल समन्वयक, गैन्दाटोला दवारा साथ ही सभी खिलाड़ियों का कोच, राष्ट्रीय अंपायर तथा क्लब के संचालक भारत लाल कोटेलकर के द्वारा भी इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई चयन होने पर इस क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है ।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन सर्वेक्षण और आँकड़े संकलन पर कार्यशाला आयोजित

रायपुर 20 सितंबर। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 19/09/2024 से दो दिवसीय पर्यटन सर्वेक्षण एवं पर्यटन आँकड़े संकलन के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई।इस कार्यशाला में पर्यटन विकास हेतु राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों, होटल,रिसॉर्ट एवं अन्य स्थलों में आने वाले घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों का डाटा कलेक्शन, उसका महत्व और टूरिज्म बोर्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला गया । इस कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य और उप महाप्रबंधक श्री संदीप ठाकुर जी के मार्गदर्शन में किया गया। पर्यटन मंत्रालय नई दिल्ली से सहायक निदेशक श्री अमित कुमार एवं श्री ज्योति रंजन मजूमदार, वरिष्ठ सलाहकार (ह्वक्ष्ट) ने टूरिस्ट डाटा कलेक्शन की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के प्रथम दिन के अंतिम सत्र में छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. ने समस्त टीम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन की ब्रांडिंग और पर्यटकों को समुचित जानकारी देने पर केंद्रित होना चाहिए। पर्यटन सर्वेक्षण और आंकड़ों के संकलन का भी यही मकसद है कि हम अधिक से अधिक पर्यटकों को छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित कर सकें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। इसके तहत स्थानीय लोगों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना, स्थानीय गाइड की नियुक्ति करना, और पर्यटकों के साथ एक अच्छा संवाद स्थापित करना आवश्यक है, ताकि वे यहाँ से एक बेहतरीन अनुभव लेकर जाएँ और भविष्य में दोबारा छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों पर आने की योजना बनाएं। श्री अन्बलगन पी. ने पर्यटन बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी होटलों को एकीकृत सॉफ़्टवेयर से जोड़ने की योजना पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सॉफ़्टवेयर के माध्यम से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है या नहीं, और हमें भविष्य में किस दिशा में और प्रयास करने चाहिए इसमें मदद मिलेगी।

महानदी के तट पर गंगरेल में होंगे आकर्षक कार्यक्रम

धमतरी 20 सितम्बर। जिले में आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को जल जगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज महानदी के तट पर गंगरेल में जिला स्तरीय अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंजर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

संपादकीय

बुलडोजर एक्शन पर अस्थायी रोक लगाई गई

देश में न्याय की व्यवस्था अलग है, सब उसके पास न्याय के लिए जाते हैं, सबका न्याय वही व्यवस्था करती है। जिसको भी लगता है कि उसके साथ अन्याय हो रहा है तो वह न्याय के लिए अदालत में जाता है। अदालत कानूनों व सबूतों के आधार पर फैसला करती है कि किसी के साथ अन्याय हुआ है या नहीं। अन्याय हुआ तो वह सजा देती है। अन्याय व अपराध के अनुसार अदालत जुर्माना करके, कारावास की सजा देती है। न्याय करना व सजा देना अदालत का अधिकार है। जब भी उसे लगता है कि या उसे बताया जाता है कि आपके रहते तो कोई और संस्था न्याय कर रही है और सजा दे रही है तो उसे बुरा लगना स्वाभाविक है। देश में कई राजनीतिक दलों व संस्थाओं को लगता है कि कई राज्यों में जो बुलडोजर न्याय हो रहा है उस पर अदालत को रोक लगानी चाहिए क्योंकि राज्य सरकार को या नगर निकायों को न्याय करने या सजा देने का अधिकार नहीं है, अदालत के रहते कोई और किसी को महज आरोप लगने पर कैसे सजा दे सकता है। कुछ लोगों को लगता है कि बुलडोजर न्याय के नाम पर तो एक खास वर्ग के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसा कहने वाले कुछ लोग व संस्था बुलडोजर न्याय पर रोक लगाने के लिए मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गए। सुप्रीम कोर्ट को समझाने का प्रयास किया गया कि बुलडोजर न्याय के नाम पर खास वर्ग के लोगों की निजी संपत्ति को ध्वस्त किया जा रहा है। यह तो असंवैधानिक है, इस पर रोक लगनी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा कि किसी मामले में कोई आरोपी है तो इस आधार पर किसी का मकान नहीं गिराया जा सकता। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बुलडोजर न्याय संविधान के विरुध्द है, इस पर एक अक्टूबर तक रोक लगाई जाती है अगर कहीं शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा हटाना हो तो इसके लिए कोर्ट से अनुमति लेना जरूरी है। यानी अगली सुनवाई तक बिना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के देश में आपराधिक मामले आरोपियों सहित कहीं भी बुलडोजर से ध्वस्तीकरण नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अगली सुनवाई में वह बुलडोजर एक्शन के संदर्भ में पूरे देश के लिए गाइड लाइन जारी करेगा।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उसके दो सितंबर के आदेश के बाद बुलडोजर का महिमामंडन हुआ है। कहा गया बुलडोजर चलता रहेगा और यह इस पर निर्भर है कि स्टीयरिंग किसके हाथ में है। हम कुछ नहीं कह रहे हैं कि यह तय करने का अधिकार किसका है।कार्यपालिका जज नहीं हो सकती।क्या यह होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर रोक तो लगाई है लेकिन यह अस्थायी रोक है क्योंकि एक अक्टूबर वह जो गाइड लाइन देगी, अब बुलडोजर एक्शन उसी के हिसाब से होगा। कुछ लोग इस बात से ऐसे खुश हो रहे हैं जैसे सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर हमेशा के लिए रोक लगा दी है। हकीकत तो यह है कि यूपी में जहां भी और जिसके खिलाफ भी बुलडोजर एक्शन हुआ है, किसी भी प्रभावित व्यक्ति या परिवार ने कोर्ट में याचिका दायर कर यह नहीं कहा है कि उनका मकान वैध था और उसे जबरन ढहा दिया गया। कोर्ट में तो इस मामले को वह ले गए हैं, जो बुलडोजर एक्शन से प्रभावित नहीं है। ऐसे लोगों की याचिका पर तो सुप्रीम कोर्ट को सुनवाई नहीं करनी थी। यह मामला तो निचली अदालत ही निपटा देती। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले को जिस तरह बताया गया उससे उसे लगा कि उसका काम सरकार या नगरनिकाय कर रहे हैं। इसलिए उसने इस मामले में सुनवाई की। दोनो पक्षों को सुना और एक अक्टूबर को वह इस मामले में गाइड लाइन देगी कि बुलडोजर एक्शन कैसे होना चाहिए। अब तक भी जो बुलडोजर एक्शन हो रहा था वह अवैध कब्जों पर ही हो रहा था, वह निगम या सरकार कानून के अनुसार ही कर रही थी. कुछ लोगों को इस मामले में राजनीति करनी थी, एक वर्ग का यह एहसास दिलाना था देखों हम तुम्हारे साथ हैं,इसलिए मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाया गया इससे उनको हासिल कुछ नहीं होना है क्योंकि बुलडोजर एक्शन पर कोई स्थायी रोक तो लगने से रही।

विश्लेषण

जनता का किचन बजट बिगड़ा

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत को सबसे बड़ा कृषक देश माना जाता है, क्योंकि यहां की अधिकतम आबादी ग्रामीण क्षेत्र से व कृषि व्यवसाय से जुड़ी है।यह दुनियां का दस्तूर है कि दुनियां का हर देश का शासन प्रशासन अपने नागरिकों के सबसे बड़े वर्ग को नाराज करना नहीं चाहेगा क्योंकि उन्हें फिर सत्ता में आना है।ठीक उसी तरह भारत में भी एक सबसे बड़ा वर्ग किसान व उपभोक्ता है इसे भी नाराज नहीं किया जा सकता इसलिए ही हम अनेक देशों में भी देखते हैं की एमआरपी केचक्कर में किसान व महंगाई के चक्कर में उपभोक्ता अनेकों आंदोलन करते रहते हैं जो हम वर्तमान में भी कई देशों में देख सकते हैं, इसलिए सरकार दूरदर्शिता को देखते हुए उपभोक्ताओं और किसानों दोनों को हितों को संतुलित करने का प्रयास करते रहती हैं।आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम जानते हैं खासकर तेल परआयात शुल्क अति काम था तो प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत था जिसपर किसान सहज महसूस कर रहे थे, परंतु दिनांक 14 सितंबर 2024 से भारत सरकार ने ईडेबल ऑयल पर 20 प्रतिशत आयात शुल्क बढ़ाया तो 13 सितंबर 2024 को प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क घटा दिया। यानें दोनों तरफ से उपभोक्ता हलकान हो गए,जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसपर दोनों के रेट एकदम बढ़ गए। मैं खुद अपनी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया में इस बात की तस्दीग करने मार्केट पहुंचा तो मुझे इसका सटीक प्रमाण मिल गया, प्याज 60 से 80 रुपए तथा फॉर्चून सनफ्लावर 15 लीटर वाला डब्बा जो मैंने 12 सितंबर 2024 को 1680 रुपए में प्रति लीटर खरीदा था, वह दिनांक 19 सितंबर 2024 को 2180 रुपए बताया गया। 15 रूपए वाली प्याज 70 रुपए यानी किचन का जायका पूरी तरह से बिगड़ने की कगार पर आ गया है इधर दिनांक 18 सितंबर 2024 को उपभोक्ता मंत्रालय द्वारा बयान दिया गया कि ट्रेडरों को कीमत नहीं बढ़ाने की सख्त हिदायत दी गई है, परंतु मैं तो प्रत्यक्ष रूप से ग्राउंड रिपोर्टिंग कर भाव बढ़ने की तसदीग कर ली है दूसरी ओर दिनांक 18 सितंबर 2024 को जारी आंकड़ों के अनुसार रोजाना की जरूरत वाला सामान सस्ता होने से अगस्त महीने में थोक महंगाई घटकर 1.31 प्रतिशत पर आ गई है। ये इसके 4 महीने का निचला स्तर है। अप्रैल में ये 1.26 प्रतिशत पर थी। वहीं एक महीने पहले जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 प्रतिशत पर आ गई थी। इससे पहले 12 सितंबर को सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65 प्रतिशत हो गई है। जुलाई महीने में ये 3.54 प्रतिशत पर थी। सब्जियों के महंगे होने से अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़ी है। चुंकि भारत सरकार ने तेलों काआयात शुल्क बढ़ाया,प्याज का आयात शुल्क घटाया,त्योहारों की सीजन में महंगाई को कृत्रिम रूप से बढ़ाया? तथा क्या भारत सरकार उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के हितों को संतुलित करने का प्रयास कर रही है? बिगड़े किचन बजट को रेखांकित करना जरूरी है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत सरकार का उपभोक्ताओं को झटका तगड़ा, तेल का आयात शुल्क अगड़ा प्याज का निर्यात शुल्क पिछड़ा, जनता का किचन बजट बिगड़! साथियों बात अगर हम केंद्र सरकारनें तेल पर 14 सितंबर 2024 से आयात शुल्क को बढ़ाने की करें तोकेंद्र सरकार ने कच्चे और रिफाइडं खाद्य तेलों पर लगने वाले आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क बढ़ा देने से सभी खाद्य तेलों के दामों बढ़ोतरी हो गई है। जिसका असर सीधे आम जनता पर पड़ गया है। जल्द ही त्योहारी सीजन शुरू होने वाला जिसमें लोगों को खाद्य तेल के बढ़े दाम लोगों को परेशान कर सकते हैं। इस फैसले से किसानों को राहत मिल सकती है और उनकी कमाई भी बढ़ सकती है,लेकिन दूसरी ओर आम जनता पर इसका बोझ बढ़ेगा। इससे पहले भी सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए सोयाबीन की खरीदारी समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्देश दिया था। अब 20 प्रतिशत तक आयात शुल्क बढ़ाने की कोई आवश्यकता यहां नजर नहीं आती है। इसके असर से खाद्य तेलों के भाव 15 से 22 प्रतिशत प्रति किलो तक बढ़ गए हैं।इस फैसले से छोटे किसान तो नहीं बल्कि स्टॉक करने वाले बड़े व्यापारियों को अधिक फायदा होसकता है। पिछले एक से दो हफ्ते पहले खाद्य तेलों के दामों 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि पहले ही देखी जा चुकी है। जिसमें रिफाइंड ऑयल के दाम 10 प्रतिशत और सरसों का तेल 12 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। इस साल देश भर में अच्छे मॉनसून की वजह से चार राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तेलगांना में सोयाबीन की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक देश अर्जेंटीना और ब्राजील तथा अमेरिका में भी फसल अच्छी आने की संभावना है। रूस और यूक्रेन द्वारा सूरजमुखी के तेल बेचने की होड़ के चलते खाद्य तेलों के दाम नीचे आ गए थे। इस वजह से सोयाबीन के दाम भी समर्थन मूल्य के नीचे चले गए थे। महाराष्ट्र में वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों के किसान संगठनों द्वारा सरकार पर बनाए गए दबाव के कारण कुछ दिन पहले ही इन चार राज्यों में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरदीने के आदेश सरकार ने जारी किय थे। गत दो महीनों से खाद्य तेलों का भारत का आयात कम रहा है। आगामी त्योहारों को देखते हुए मांग को पूरा करने के लिए भी व्यापारियों ने स्टॉक कर लिया है।

वहीं दूसरी ओर सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदी गई सरसों की बिक्री का आदेश दिया गया, तब पता चला कि सरसों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता दोनों की मात्रा में अंतर पाया गया। जिसकी वजह से खाद्य तेलों के दामों पिछले कुछ सप्ताह में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं और अब 20 प्रतिशत की ड्यूटी की वृद्धि महंगाई को बढ़ाएगी।

साथियों बात अगर हम तेल आयात पर सीमा शुल्क की वृद्धि को जानने की करें तो, सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर 20 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगाया गया है। इसमें तीनों तेलों पर कुल आयात शुल्क 5.50 प्रतिशत से बढ़कर 27.5 प्रतिशत हो जाएगा। रिफाइंड पाम तेल, रिफाइंड सोया तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल के आयात पर 13.75 आयात शुल्क के मुकाबले अब 35.75 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा । घरेलू सोयाबीन की कीमतें लगभग 4,600 रुपये (54.84 डॉलर) प्रति 100 किलोग्राम है जो राज्य द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 4,892 रुपये से कम है। घरेलू बाजार में खाद्य तेलों की मांग 65 से 70 प्रतिशत है, जिसको आयात द्वारा पूरा किया जाता है।क्रूड पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 0-20 प्रतिशत, जबकि रिफाइंड ऑयल पर अब ये 12.5 -32.5 प्रतिशत की गई है।बेसिक कस्टम ड्यूटी में इजाफे के बाद अब क्रूड ऑयल और रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क क्रमशः5.5फीसदी से बढ़कर 27.5 फीसदी और 13.75 फीसदी से बढ़कर 35.75 फीसदी हो गए। फाइनेंस मिनिस्ट्री की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कस्टम ड्यूटी की बदलाव में बाद नई दरें, 14 सितंबर 2024 से लागू कर दी गई हैं।

देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले रुख में यह बदलाव आया है। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में कमजोर मानसून के बाद घरेलू कमी की आशंका के चलते राजनीतिक रूप से संवेदनशील रसोई के इस प्रमुख उत्पाद के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दियाथा। मार्च में प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया था, हालांकि कुछ देशों के राजनयिक अनुरोधों के आधार पर कुछ शिपमेंट की अनुमति दी गई थी।सरकार ने हाल ही में प्याज से निर्यात शुल्क 20 फीसदी घटा दियाइसकी वजह से सब्जी मंडी में प्याज के थोक दाम बढ़ गए हैं। दावा है कि आने वाले दिनों में प्याज का रेट और बढ़ सकता है। दिल्ली की गाजीपुर,ओखला औरआजादपुर सब्जी मंडी समेत सभी सब्जी मंडियों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक से प्याज की सप्लाई होती है। एक जानकार ने कहा कि तीन दिन पहले मंडी में प्याज का थोक दाम 35 से 45 रुपए प्रति किलो था। लेकिन सरकार की ओर से प्याज निर्यात शुल्क 20 फीसदी घटा दिया गया। इसकी वजह से मंडी में प्याज के थोक रेट में प्रति किलो 5 रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत सरकार का उपभोक्ताओं को झटका तगड़ा-तेल का आयात शुल्क अगड़ा-प्याज का निर्यात शुल्क पिछड़ा-जनता का किचन बजट बिगड़ा!भारत सरकार ने तेलों का आयात शुल्क बढ़ाया,प्याज का निर्यात शुल्क घटाया-त्योहारों की सीजन में महंगाई को कृत्रिम रूप से बढ़ाया?क्या भारत सरकार उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के हितों को संतुलित करने का प्रयास कर रही है? बिगड़े किचन बजट को रेखांकित करना जरूरी है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या आज बढेगी, जो आपको टेंशन देगी। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने कुछ रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार का कोई सदस्य भी नौकरी के लिए घर से दूर मिलने आ सकता है। आपकी कमाई बढ़ने से आपको खुशी होगी, लेकिन इसके साथ-साथ आपको सेविंग पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव लेकर आएगा, जिसके लिए आपको अपने खान-पान पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आप अपने खर्चों पर भी कंट्रोल करने की कोशिश करें, इसलिए बेफिजूल के खर्चे पर लगाम लगाएं। आपके पिताजी से यदि आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी चल रही थी, तो बातचीत के जरिए दूर करना होगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप परोपकार के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने घर की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे और घर के रिनोवेशन के लिए आप मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा, जो आपको खुशी देगा, लेकिन उसके साथ-साथ आपकी कुछ मुश्किलें भी बढ़ेंगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप यदि कहीं मार्केट जाएं, तो वहां आप अपने सामान का पूरा ध्यान दें, क्योंकि उसके खोने की पूरी संभावना है। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पद प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। आपको कुछ नए लोगों से मिलजोल बढ़ाना अच्छा रहेगा। आप अपने व्यवहार में कोई बदलाव न करें, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। आप माताजी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप करने लेकर जा सकते हैं। पिताजी से आपसे किसी बात को लेकर खटपट रहेगी, जिसे आपको बातचीत के जरिए दूर करना होगा। आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को यदि कुछ समस्याएं चली आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके नए-नए कामों को करने की गति तेज होगी। आप आज किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपको उस पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। आज आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। किसी प्रॉपर्टी आदि में निवेश करने से पहले आपको अनुभवी व्यक्तियों से बातचीत की आवश्यकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी आप आसानी से पूरा कर सकेंगे, लेकिन आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने में व्यतीत करेंगे। आपका जीवनसाथी यदि आपसे नाराज चल रही है, तो आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी। आपकी कोई पुरानी समस्या इस समय उभर सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा, सभी सदस्य एक नजर आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी संपत्ति का सौदा करते समय उसके चल-अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा और उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप आज दूसरों को बिना मांगे सलाह देने से बचें और किसी काम में आप आंख बंद करके कोई निवेश न करें। आपको अपने बिजनेस को लेकर कुछ नए संपर्क को बढ़ाएंगे, जिनसे आपको लाभ तो अवश्य मिलेगा, लेकिन आपकी टेंशन भी उतनी ही बढ़ सकती है। आपको किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था आदि से धन उधार ना लें, क्योंकि आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। आपको अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाना होगा, नहीं तो बाद में आपको कोई समस्या महसूस हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी संतान के खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा और आप जो भी काम करें, बहुत ही सोच समझकर करें, लेकिन आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। विद्यार्थियों को किसी काम को लेकर उलझनें बनी रहेंगी। आपको अपने पिताजी की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप घर परिवार में चल रही उलझन को लेकर परेशान रहेंगे। बिजनेस में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी, क्योंकि वह आपको सही रास्ता दिखा सकते हैं।

मकर- मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके शत्रु आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात दे सकेंगे। आपके भाई बहनों से यदि कोई अनबन चल रही थी, तो वह बातचीत के जरिए दूर होगी। आपके मन में उथल-पुथल रहने के कारण आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको किसी परिजन के कहने में आकर कोई निर्णय नहीं लेना है। यदि आपका कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहने वाला है। आप पारिवारिक समस्याओं को मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे, जिसके लिए आपको बड़े सदस्यों की बातों को अहमियत देनी होगी। संतान को किसी नए स्कूल में एडमिशन दिलाने की कोशिश में आप लगे रहेंगे, जिसमें आपको कामयाबी हासिल होगी। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप जीवनसाथी के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं, लेकिन आपको अपने खर्चों के साथ-साथ निवेश के लिए भी प्लानिंग करने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। किसी बात को लेकर आप टेंशन में रहेंगे। रहने की संभावना है। विदेश में रह रहे किसी परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। बिजनेस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा, लेकिन आप उसमें कोई जल्दबाजी न दिखाएं। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के किसी पुराने साथी के वापस आने से खटपट बनी रहेगी।

लॉगिन और लॉग आउट

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

रामस्वरूप के आंगन में पहले हमेशा चहल-पहल हुआ करती थी, लेकिन अब वह दौर भी बीत चुका था। 70 साल का रामस्वरूप, जो कभी बुद्धिजीवी कहलाता था, अब आंगन में चौकी पर बैठकर आसमान निहार रहा था। उसके पास उसका 25 साल का पोता गोपाल मोबाइल में आंखें गड़ाए बैठा था, उसकी उंगलियां तेजी से स्क्रीन पर चल रही थीं, मानो उंगलियों में ही पूरी दुनिया समा गई हो। इस बीच श्यामलाल, रामस्वरूप का पुराना दोस्त, कुर्सी खींचकर बगल में बैठ गया। दोनों दोस्त एक ही जमाने के थे, साथ-साथ जवानी बिताई और अब साथ-साथ बुढ़ापे का बोझ ढो रहे थे। रामस्वरूप ने गहरी सांस लेते हुए कहा, ₹अरे भाई, ये दुनिया कहां जा रही है? हमारे जमाने में आदमी काम करता था, अब तो मोबाइल सब काम कर रहा है। इंसान खत्म हो रहा है, सब कुछ डिजिटल हो गया है।₹ श्यामलाल हंस पड़ा और मजाकिया लहजे में बोला, ₹अरे यार! अब सब कुछ 'वायरलेस' हो गया है। अब आदमी के पास ताकत नहीं, डेटा पैक की मोल-तोल है। जितना बड़ा डेटा पैक, उतनी बड़ी जिंदगी।₹ रामस्वरूप उसकी बातों को गंभीरता से सुन रहा था और पास बैठे गोपाल ने मोबाइल से नजरें उठाकर बोला, ₹दादा, आप लोग पुराने जमाने की बातें करते हो। अब सब डिजिटल हो गया है, असली जिंदगी तो ऑनलाइन चलती है। रामस्वरूप ने हल्की हंसी दबाते हुए कहा, ₹हां, अब आदमी का दिल नहीं, 'वाइ-फाइ' धड़कता है। पहले लोग मिलते थे, अब 'ब्लूटूथ' से जुड़ते हैं।₹ गोपाल ने सिर हिलाया, जैसे वह इन बातों को सुनकर बोर हो गया हो। तभी मालती, जो अंदर से बर्तन उठा रही थी, बातों में शामिल हो गई। उसने कहा, ₹रामस्वरूप, लड़के की बात समझो। अब जमाना बदल गया है। अब सब कुछ 'इंस्टेंट' हो गया है। पहले चिट्ठियां लिखी जाती थीं, अब 'वॉट्सऐप' पर बात होती है। उंगली हिलाओ, और काम हो जाता है।₹ श्यामलाल ने ठहाका मारते हुए कहा, ₹बिल्कुल सही! अब दिल नहीं टूटते, नेटवर्क टूटते हैं। प्यार 'डेटा पैक' पर चलता है और रिश्ते 'वायरलेस' हो गए हैं।₹ रामस्वरूप ने सिर हिलाया और गहरी सांस लेते हुए कहा, ₹पहले प्यार इंतजार करता था, अब 'ब्लॉक' करता है। पहले लोग असलियत में मिलते थे, अब चाय पर बातें नहीं, 'फ्री डेटा' पर जिंदगी कटती है। आदमी के पास प्यार के लिए वक्त नहीं है, पर 'नेटफ्लिक्स' के लिए जरूर है। गोपाल ने फिर से मोबाइल से नजर हटाकर जवाब दिया, दादा, अब लोग 'ऑफलाइन' ही नहीं होते। अब 'ऑफलाइन' होने का मतलब है कि आप दुनिया से गायब हो गए।₹ रामस्वरूप ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹हां, अब आदमी 'ऑफलाइन' होते ही जंगल में खो जाता है। पहले जंगल थे, अब डिजिटल जाल है, जिसमें आदमी फंसता है।₹ श्यामलाल ने फिर से मजाक में कहा, ₹सच में, अब आदमी की जिंदगी 'लॉगइन' और 'लॉगआउट' के बीच ही रह गई है।₹ रामस्वरूप ने गोपाल की तरफ देखा, जो एक बार फिर मोबाइल में डूब चुका था। उसने गोपाल से मोबाइल छीनते हुए कहा, ₹सुन बेटा, तुम लोग डिजिटल हो गए हो, लेकिन याद रखना, जब ये डिजिटल दुनिया टूटेगी, तब असली जिंदगी का एहसास होगा। उस दिन न डेटा पैक काम आएगा, न 'लाइक'। असली खुशी तब होगी, जब तुम असलियत में किसी को छू सकोगे, महसूस कर सकोगे।₹ श्यामलाल ने रामस्वरूप की बात का समर्थन करते हुए कहा, ₹बिल्कुल यार, अब आदमी की खुशी 'फिल्टर' और 'स्पैम' के बीच कहीं खो गई है। जिंदगी एक 'स्क्रीनशॉट' बनकर रह गई है, जिसे कोई देखता भी नहीं। रामस्वरूप और श्यामलाल हंसते रहे, जबकि गोपाल फिर से मोबाइल में खो गया। मालती चाय लेकर आई, लेकिन किसी को उसे पीने की फुर्सत नहीं थी।

राजनीति

कैसे पैदा होंगे बिना राजनीतिक ताल्लुक वाले युवा नेता?

प्रियंका सौरभ

आज देश को ऐसे युवा नेताओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है, जो राजनीतिक परिवारों से नहीं आते हैं। भारत को वंशवादी राजनीति की बाधाओं से मुक्त होने की जरूरत है। राजनीति और शासन में युवाओं की भूमिका है, विशेष रूप से भारतीय राजनीतिक जीवन में भाई-भतीजावाद और वंशवादी उत्तराधिकार द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के संबंध में। ऐतिहासिक रूप से, युवा नेतृत्व उद्योग और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रहा है। युवा नेता अक्सर नवाचार के मामले में सबसे आगे रहे हैं, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी में, जहां उनके योगदान ने उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, जहां आधी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम है, 18वीं लोकसभा में निर्वाचित प्रतिनिधियों की औसत आयु 56 वर्ष है, जो युवा जनसांख्यिकी और सरकार में उनका प्रतिनिधित्व करने वालों के बीच एक महत्वपूर्ण वियोग को उजागर करती है। भारत को अपने मूल लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत बनाने के लिए अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। भारत की राजनीति को ह्लयुवा देश, बूढ़े नेताह्व के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी धाक जमाने वाले ज्यादातर युवा नेता बड़े राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली हैं। हालांकि मुख्यधारा की लगभग हर राजनीतिक पार्टी का अपना एक स्टूडेंट विंग है, और ये सभी पार्टियां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनावों में जोर-शोर से भाग लेती हैं, लेकिन ऐसा कोई व्यवस्थित तंत्र मौजूद नहीं है जो छात्र नेताओं को विधायी राजनीति में आगे बढ़ने में मदद कर सके और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 40 वर्ष के कम उम्र सांसदों की संख्या महज 12 प्रतिशत है, वहीं स्वतंत्र भारत की पहली लोकसभा में 26 प्रतिशत सांसदों की उम्र 40 वर्ष से कम थी। खासकर, (हर बड़े) चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्रों में युवाओं के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों शुरू करने की बात करती हैं, जिनका अखबारों और सोशल मीडिया के जरिए भारी प्रचार किया जाता है। राजनीतिक संपर्क अभियानों में बड़े पैमाने पर युवाओं को शामिल किया जाता है, और राजनीतिक पार्टियां शक्ति प्रदर्शन के लिए चुनावी रैलियों में युवाओं की भागीदारी को प्रचारित करती हैं। हालांकि, चुनाव के बाद युवाओं के मुद्दे (शिक्षा और रोजगार) को तरजीह नहीं दी जाती, जो चुनावी राजनीति में युवाओं की कमजोर स्थिति को बताता है क्योंकि उनमें अपनी मांगों को मजबूती से रखने की क्षमता नहीं है। यहां तक कि छात्र नेता जब विधायी चुनावों में शामिल होते हैं, तो उनके पास राजनीतिक सौदेबाजी की ताकत बेहद सीमित होती है। इस तरह से देखें तो यही लगता है कि युवाओं की मतदाता भागीदारी अगर कम है तो यह एक विचित्र घटना न होकर एक अपेक्षित परिणाम मात्र है।

भाई-भतीजावाद और वंशवादी राजनीति राजनीतिक पृष्ठभूमि के बिना युवा नेताओं के लिए महत्वपूर्ण बाधाएँ प्रस्तुत करती हैं। ये जड़ जमाए हुए सिस्टम उभरते नेताओं के लिए दृश्यता और प्रभाव प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों, अवसरों और प्लेटफार्मों तक पहुँच को सीमित करते हैं। आज देश में बिना किसी राजनीतिक विरासत के 1 लाख युवा व्यक्तियों के राजनीति में प्रवेश करने की संभावना है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए, इन व्यक्तियों के लिए सही अवसर, मार्गदर्शन और सहायता प्रणाली प्रदान करना आवश्यक है। युवा नेताओं को अधिक समावेशी बनाने के लिए राजनीतिक संस्कृति को बदलने से स्थापित राजनीतिक वर्ग और मतदाताओं दोनों के भीतर मानसिकता में महत्वपूर्ण बदलाव आता है। यह परिवर्तन नेताओं की एक नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है जो शासन में नए दृष्टिकोण और अभिनव समाधान ला सकते हैं।

तुलनात्मक विश्लेषण प्रौद्योगिकी और व्यापार क्षेत्रों में, युवा नेताओं ने गहरा प्रभाव डाला है। लैरी पेज, मार्क जुकरबर्ग और एलोन मस्क जैसे लोगों ने कम उम्र में पूरे उद्योगों में क्रांति ला दी है। युवा पेशेवरों के वर्चस्व वाले भारत में आईटी उद्योग ने देश को पर्याप्त आर्थिक लाभ और वैश्विक मान्यता दिलाई है। इसके विपरीत, बड़ी युवा आबादी के बावजूद, राजनीतिक परिदृश्य युवा प्रतिनिधित्व में काफी पीछे है। यह असमानता एक महत्वपूर्ण क्षेत्र को उजागर करती है जहां राजनीतिक नेतृत्व को राष्ट्र की जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के साथ संरेखित करने के लिए सुधार

एक नजर

देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारी की जा रही

नारायणपुर 24 सितंबर। शारदीय नवरात्रि के आगमन के साथ ही जिले के देवी मंदिरों में तैयारियों का जोश देखने को मिल रहा है। मंदिरों की साफ-सफाई और लिपाई-पोताई का कार्य अंतिम चरण में है, जिससे भक्तों का स्वागत भव्य रूप से किया जा सकेगा। 3 अक्टूबर को विधि विधान से देवी की पूजा अर्चना की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष अवसर होगा। स्थानीय गढ़गुडरा पहाड़ी मंदिर, माता मंदिर, कोट गुडीन मंदिर, शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, राजटेका मंदिर, कोकोडी, और करेलघाटी मंदिर में भक्तजन श्रद्धा के साथ ज्योति दीप जलाते हैं और अपनी मनोकामनाएं माता से मांगते हैं। खासकर गढ़गुडरा पहाड़ी मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए आते हैं। 3 अक्टूबर को नवरात्रि कलश स्थापना का आयोजन किया जाएगा। जो श्रद्धालु मंदिर में ज्योति कलश स्थापित करवाना चाहते हैं, वे निम्नलिखित पुजारियों से संपर्क कर सकते है। हर साल गढ़गुडरा पहाड़ी मंदिर में सैकड़ों मनोकामना दीप प्रज्वलित होते हैं। भक्त अपनी इच्छाएं पूरी होने पर ज्योति कलश जलाते हैं, जबकि कई लोग अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए दीप जलाते हैं। इस नवरात्रि, मंदिरों की सजावट और भक्तों की भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

हिंदी कवि एवं लेखकों की स्मृति में कवितापाठ एवं स्लोगन प्रतियोगिता

दंतेवाड़ा, 20 सितंबर। विगत दिवस 72वां राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई के दिशा निर्देशों के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विषय वस्तु ''हिंदी पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक'' पर आधारित थी। इस आयोजन में हिन्दी को भारत की राजभाषा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, हिंदी कवियों एवं साहित्यकारों को स्मरण किया गया। साथ ही हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यार्थियों के लिए आस्था 1 परिसर में हिंदी कविता पठन एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रमोद गुप्ता, हिंदी विभाग के व्याख्याता विकास बाईन, अशिमानंद बैपारी, जय प्रकाश यदु, अमुजुरी विश्वनाथ तथा अन्य शिक्षकगणों द्वारा हिंदी भाषा का अस्तित्व तथा महत्व समझाया गया।

राष्ट्रीय पोषण माह में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 12 सितंबर 2024 से 23 सितम्बर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विविध कार्यक्रम जिले में संचालित किये गए है। इसके तहत विभाग द्वारा निर्धारित योजनानुसार वजन त्यौहार का आयोजन प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में किया जा रहा है। पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती, शिशुवती माताओं को पौष्टिक भोजन जैसे तिरंगा भोजन में दूध, दही, अण्डा, चावल. हरी पत्तेदार सब्जी जैसे पालक, मूंग एवं अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों, मछली, चिकन, मटन, पपीता एवं अन्य मौसमी फल नियमित सेवन के अलावा दिन में कम से कम 3 बार खाना खाने की सलाह दी जा रही है। पोषण माह मनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वयं के पोषण यानि खान-पान के प्रति जागरूक करना है। चूंकि गाँव की लगभग सभी महिलाएं एनीमिक अर्थात खून की कमी के कारण विभिन्न रोगों से जूझती रहती है। अतः उन्हें स्थानीय खाद्य सामग्री जैसे कोदो कुटकी कुल्थी व छिल्के वाली दाल का उपयोग, व स्वयं की बाडी में उगाए साग सब्जी स्थानीय फलों का उपयोग अंकुरित अनाज का उपयोग अपने भोजन में करने हेतु जागरूक किया जाता हैं। जिससे सही पोषण माता व बच्चो को मिल सके। इसके अलावा प्रत्येक आंगनबाड़ी में प्रत्येक बच्चे का वजन उनके पालको के समक्ष कराया जा कर उन्हें निगरानी चार्ट के माध्यम से बच्चों के शारीरिक विकास की स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों के खान-पान व स्वच्छता संबंधी जानकारी दी जा रही है। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र ले जाने हेतु समझाइश दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि पोषण माह अन्तर्गत विभिन्न विभागों एवं पंचायतों के सहयोग से अलग-अलग कार्यक्रम आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित किए जा रहे है।

डेनेक्स गारमेंट फैक्ट्री की महिलाओं ने बनाई छात्र-छात्राओं के लिए रात्रि पोशाक

दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर । जिला खनिज संस्थान न्यास निधि द्वारा जिले में संचालित 127 विभागीय आश्रम, छात्रावासों के छात्र छात्राओं के लिए रात्रि पोशाक हेतु प्रबंधक, डेनेक्स नवा दंतेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को कार्यादेश प्रदान किया गया था। इस कड़ी में आज इस हेतु प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास गीदम में रात्रि पोशाक (नाइट ड्रेस) वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी, जनपद पंचायत श्रीमती अंती वेक, मण्डल संयोजक गीदम श्री रवीन्द्र टीकम, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गीदम प्राचार्य, अधीक्षक, अधीक्षिका तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जहां विधायक श्री अटामी द्वारा इस कार्यक्रम में प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास गीदम कुल 200 एवं नवीन पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास गीदम के कुल 200 तथा पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास गीदम के कुल 150 छात्राएं को रात्रि पोशाक का वितरण किया गया।

पितृपक्ष में भी देर रात तक चलता रहा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

पितृपक्ष में गणेशजी का विसर्जन शास्त्र सम्मत नहीं बताया गया है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 20 सितंबर। हर वर्ष की भांति इस बार भी अनंत चतुदर्शी के बाद पितृपक्ष के दौरान नगर में बड़ी संख्या में गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम चलता रहा। धर्म शास्त्रों के मुताबिक अनंत चतुदर्शी को ही गणेश जी का विसर्जन कार्य संपादित हो जाना चाहिए क्योंकि उसके दूसरे ही दिन से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हो जाती है और श्राद्धपक्ष में विसर्जन कार्य करना धर्म सम्मत नहीं माना गया है। मगर इसके उलट गणेशोत्सव समितियां अपनी मर्जी से जब उनकी इच्छा हो रही है विसर्जन कर रहे हैं। यह सिलसिला कई वर्षो से चल रहा है।

धर्म ग्रन्थों के हिसाब से अनंत चतुदर्शी को ही गणेश जी का विसर्जन कार्य संपन्न होना चाहिए। मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा। नगर में कई गणेशोत्सव समितियां पितृपक्ष में भी गणेश ठंडा कर रहे हैं। गणेशोत्सव समिति के लोग इसके पीछे यह तर्क देते हैं कि उनके पंडित अनंत चतुदर्शी से एक दिन पूर्व हवन पुर्णाहुति कर भगवान की प्रतिमा को उनकी जगह से खिसका देते हैं। प्रतिमा खिसका देने या फिर हिला देने के बाद किसी भी दिन विसर्जन किया जा सकता है जबकि धर्म शास्त्र अथवा ग्रन्थों में स्पष्ट वर्णित है कि अनंत चतुदर्शी के दिन ही भगवान को विसर्जित कर देना चाहिए । 17 सितंबर 2024 को अनंत चतुदर्शी के दिन ज्यादातर गणेश विसर्जित किए गए हैं। दूसरे ही दिन 18 सितंबर से पितृपक्ष की शुरूआत हो चुकी है। पूर्णिमा से अमावस्या तक कुल 15 दिनों तक श्राद्धपक्ष होता है इस दौरान घर घर में मृत आत्माओं की शांति पाठ पूजा की जाती है उन्हें तर्पण दिया जाता है इसलिए पितृपक्ष में भगवान की प्रतिमा का विसर्जन करना पूरी तरह से पूजा परंपरा के विपरीत एवं वर्जित माना गया है। गर्त वर्ष देश भर के साधु संतों ने पितृपक्ष के दौरान गणेशजी की प्रतिमाओं का विसर्जन किए जाने को लेकर घोर आपत्ति दर्ज कराई थी और सरकारों से आग्रह किया था कि वे अपने अपने राज्यों में सकुर्लर जारी कर सभी गणेश समितियों को अनंत चतुदर्शी में ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने का निर्देश जारी करें। उम्मीद की जा रही थी कि इसका कुछ असर पड़ेगा मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा। दरअसल शहरों में या फिर छोटे कस्बों, नगरों में बैठाये गये गणेशोत्सव समिति के लोग विसर्जन झांकी धुमधाम एवं गाजा बाजा, डीजे के साथ निकालना चाहते हैं ताकि उनकी मेहनत एवं 11 दिन से भगवान की सेवा में जुटे समिति के सभी युवा विसर्जन कार्यक्रम का भरपुर आनंद उठा सकें।

भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का धूमधाम से किया विसर्जन

■ तीन दिवसीय पूजा के बाद विश्वकर्मा की प्रतिमा को डंकनी नदी में किया विसर्जित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 20 सितंबर। नगर के अलग अलग पूजा पंडालों में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का गुरूवार को धुमधाम के साथ डंकनी नदी में विसर्जित किया गया। विसर्जन पूर्व पूजा पुर्णाहुति हुई तदोपरांत शाम को श्रद्वालुओं ने शिल्पी भगवान विश्वकर्मा देव की विसर्जन झांकी निकाली। गाजे बाजे एवं धुम धड़ाके के साथ अपने अपने विश्वकर्मा को लोगों ने उत्साह के साथ सुसज्जित वाहनों में रखकर झांकी निकाल नगर भ्रमण करवाया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नाचते गाते एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर भगवान की प्रतिमा को देर शाम नदी घाट पहुंचाया गया जहां अंतिम बार भगवान की आरती पूजा कर उन्हें ससम्मान पवित्र डंकनी नदी में प्रवाहित कर दिया गया। बता दें कि 17 सितंबर को को हर वर्ष विश्वकर्मा जयंती देश भर में मनाई जाती है इसी क्रम में हर वर्ष की भांति

इस बार भी माता दंतेश्वरी की नगरी दंतेवाड़ा के रेल्वे कालोनी, आटो चालक संघ एवं अन्य संगठनों द्वारा भी विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूरे तीन दिनों तक पंडालों में भगवान के दर्शन पूजन के लिए भक्त पहुंचते रहे। विधि विधान से पूजा अर्चना एवं भंडारा पश्चात तीसरे दिन विश्वकर्मा भगवान की झांकी निकाली गई। गुरूवार देर रात अलग अलग जगहों से भगवान आदि शिल्पी विश्वकर्मा जी की प्रतिमाओं को नदी घाट पर लाकर विधि विधान से विसर्जित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समितियों के लोग नदी घाट पर उपस्थित थे। नदी में सुरक्षा के दृष्टिकोण से गोताखोरों की भी तैनाती की गई थी। इस दौरान पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंध रही।

गरियाबंद विधायक जनक धुव्र और डॉ सत्यजीत साहू ने विश्व शांति यात्रा का समर्थन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियबंद 20 सितंबर। गांधी मैदान में आयोजित ज़िला स्तरीय आमसभा को संबोधित करते हुए डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि गरियाबंद जिले सहित पुरे छत्तीसगढ के लिये यह गौरव की बात है कि हम सभी विश्व शांति और न्याय यात्रा के समर्थन अभियान में शामिल हुए हैं. एकता परिषद के संयोजक पीवी राजगोपाल के नेतृत्व में कनाडा में हो रही इस पदयात्रा का उद्देश्य सारे विश्व के सभी वंचितों के न्याय के लिये किये गये संघर्ष को मज़बूती देना और विश्व शांति के लिये अपील करना है . हमारी संस्कृति में आदिवासियों के गुरू पारी कुपार लिंगों, सदाशिव महादेव, प्रभु श्री राम , श्री कृष्ण , सभी ने वंचितों के न्याय देने और सामाजिक चेतना के उन्नयन के लिये

यात्रा का माध्यम चुना था . गरियबंद के विधायक जनक धुव्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह विडंबना ही है कि आज़ादी के सत्तहर साल बाद भी आदिवासी को जल जंगल ज़मीन के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है. वन अधिकार क़ानून का हर भुमिहीन को मिले यह कार्यपालिका की ज़िम्मेदारी है. ज़िला जनपद सभापति लोकेश्वरी नेताम ने सभा में कहा कि जंगल और आदिवासियों का परस्पर रिश्ता सनातन है . हमारा अस्तित्व जंगल है . क़ानून ने हमें जो अधिकार दिया है उसे कोई रोक नहीं सकता. सभा को कल्याण सिंह कपिल, कृष्णा सिन्हा, रामलाल और एकता महिला मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्रध्दा कश्यप ने भी संबोधित किया . आमसभा के आयोजक प्रयोग आश्रम एकता परिषद छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी ने बताया कि आमसभा में पुरे गरियाबंद ज़िले के अस्सी गाँवों से आदिवासियों ने इस आयोजन में भाग लिया है. इस अवसर पर ग्रामीण आदिवासियों ने अपने आठ सूत्रीय ज्ञापन जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि को सौंपा।

मॉनिटरिंग सेल की मासिक बैठक में 21 सितंबर को होने वाली लोक अदालत पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 20 सितंबर। आज प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा श्री विजय कुमार होता की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग सेल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री प्रवीण कुमार प्रधान, जिला दंतेवाड़ा के कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला बीजापुर के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा जिला सुकमा के कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक श्री गौरव रॉय एवं जिला सुकमा के पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री डी.पी. सिंह दांगी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अपूर्वा दांगी उपस्थित थे। उक्त बैठक में विशेष रूप से आगामी 21 सितंबर को होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष चर्चा की गई। जिसके तहत पुलिस अधीक्षकों को न्यायालयों द्वारा चिन्हांकित किये गये समस्त प्रकरणों में पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नोटिस की तामिली कराये जाने तथा अन्य विभागों से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को रखकर पक्षकारों के आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकृत करने एवं राजस्व न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में निर्देश दिया गया। इसके अलावा उक्त बैठक में मॉनिटरिंग सेल संबंधी विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा वर्तमान जेल की क्षमता, 50 वर्षों की आवश्यकता के आधार पर ठोस कार्ययोजना तैयार किये जाने के संबंध में संबधितों को निर्देश दिए गए। जैसा कि विदित है दिनांक 21 सितंबर शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली, सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित शमनीय एवं राजीनामा योग्य मामलों से संबंधित प्रकरण, बैंक के प्री-लिटिगेशन, विद्युत, नलजल, बी.एस.एन.एल. एवं राजस्व न्यायालयों के विभिन्न प्रकरणों को रखा जाएगा और पक्षकारों के उपस्थित होने पर निराकृत किए जायेंगें।

एएम, एनएस इंडिया ज्ञानज्योति किरंदुल के मेडिकल छात्र को प्रदान किया गया चेक

दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर। जिला प्रशासन द्वारा सीएसआर मद के तहत आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया किरंदुल में मुख्य रूप से दूरदराज के आदिवासी स्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य विशेषकर पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के जरूरतमंद और मेधावी छात्रों की मदद कर उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत प्रोजेक्ट ''पढ़ेगा भारत'' मेधावी छात्रों को ''ज्ञानज्योति टॉपर्स अवार्ड'' नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्र के छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु समर्पित है। जो एएम, एनएस इंडिया किरंदुल मेधावी छात्रों को पहचान कर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इस क्रम में किरंदुल के छात्र आशुतोष शर्मा को इसी सत्र में शासकीय जेएन मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला है। जिसके लिए उन्हें बस्तर संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय,जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन, डीएफओ श्री सागर जाधव की उपस्थिति में चेक राषि देकर सम्मानित किया गया।

हर्ष और उनकी टीम करती है शहर की सफाई

पेंड्रा, 20 सितंबर। उसने तबीतय से पत्थर उछाला और सचमुच में आसमान में सुराख हो गया। जी हाँ निःस्वार्थ जनसेवा के लिए समर्पित इस जिद्दी, जुनुनी व लगनशील शख्स का नाम है हर्ष छाबरिया पेंड्रा वासी हर्ष को स्नेहवश हर्रु के नाम से संबोधित करते हैं। हर्ष का एक ही सपना है कि मेरे शहर में सदा हर्षोल्लास व्याप्त रहे। साफ-सफाई में पेंड्रा को पहले स्थान पर स्थापित करने हर्ष ने सफाई अभियान का झंडा उठाए हुए है। वे एक नया इतिहास रच रहे हैं। वे सेवा कार्य अपने खून-पसीने की कमाई से करते हैं। चंदा चकारी उन्हें जरा भी नहीं भाता है। विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि तथा सीएमओ सहित अन्य सभी अधिकारियों का पेंडा के विकास की ओर ध्यान ही नहीं है। सरकारी मशीनरी जब फेल हो गई तब हर्ष छाबरिया झंडावरदार बने। आज इस सामाजिक कार्यकर्ता ने पेंड्रा की तस्वीर बदल दी है। सफाई अभियान का श्रीगणेश तालाब की सफाई से किया गया। फिर छाबरिया के नेतृत्व में उनकी टीम ने शहर के कोने कोने की सफाई की। हर्ष ने शहर को साफ रखने जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया हुआ है। हर्ष इस तरह का अभियान समय-समय पर चलाते रहते हैं। जबकि प्रशासन

को करना चाहिए। वे धार्मिक प्रवृत्ति के भी हैं। हनुमानजी के अनन्य भक्त हर्ष प्रकृति प्रेमी भी है। वे पेंड्रा क्षेत्र में परिचय के मोहताज नहीं है। वे मशहूर शख्सियत हैं।

तालाब,सरोवर की साफ़ सफाई का जिम्मा अगर कोई उठाये तो शायद बड़ी बात न हो लेकिन शहर की साफ़ सफाई का जिम्मा अगर कोई अपने कंधे पर ले और खुद खर्च करके जिम्मेदारी के साथ स्वच्छता अभियान चलाए तो बड़ी बात होती है जिसमे नगर पंचायत के अध्यक्ष, सीएमओ और स्थानीय विधायक भी इसकी चिंता नहीं है की खुद इसकी मदद करके अभियान चलाया जाए। हालांकि यह काम अच्छा है लेकिन एक हद तक ताकि आम लोग भी जागरूक हो सके लेकिन जीपीएम के लोग अब भी जागरूक नहीं हो रहे जिसके कारण साफ सफाई का जिम्मा दिनों दिन बढ़ते जा रहा हैआपको बता दे हम जिसकी बात कर रहे है वह अपने आप में जीपीएम की एक पहचान है जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है जिसे हर कोई जानता है और समाज सेवी के नाम से एक नया नाम मिला है हम आपको यह भी बता दे इस व्यक्ति के बारे में हम लिखना नहीं चाहते थे। लेकिन लोगो की तारीफ़ और लोगो के द्वारा बार बार बोलने पर हम खुद एक दिन पहुंच गए जीपीएम और खुद देख लिया आँखों देखा हाल जिसमे पल भर के लिए तो हमें भी यकीन नहीं हुआ की लोग जिसके बारे में बात कर रहे है वह यही है फिर हमने उनसे बात की तब उन्होंने अपना नाम हर्ष छाबरिया उर्फ़ हरू बताया की पिछले कई साल से यह काम कर रहे है और उनको सामाजिक कार्य करना अच्छा लगता है चूँकि बचपन से लेकर अब तक जीपीएम में रहना हुआ है इसलिए साफ सफाई करने का जिम्मा उठाया। हमने जब सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष छाबरिया से बात की तो उन्होंने बताया की लोग पान,गुटका,पानी पाउच या बोतल और खाने पीने की चीजे की पैकेट को कही भी फेंक देते थे जिसके कारण गंदगी लगती थी और चलने फिरने में भी अजीबो गरीब लगता था इसलिए माता-पिता के आशीर्वाद और दोस्तों के सहयोग से यह काम करने का बीड़ा उठाया जिसके कारण आज साफ़ सफाई अभियान में सफल हो सका। उन्होंने यह भी बताया की धीरे धीरे इस अभियान में लोग शामिल हुए और कुछ लोग मदद करने आते है तो कई लोग सिर्फ तमाशा देखते है। स्वच्छता अभियान में देखा जाए तो 9 साल होने को है और अब तक इसमें मदद करने के नाम पर सिर्फ दिखावा किया गया है,लेकिन कुछ लोग ऐसे भी है जो गुप्तदान करने में जरा भी देर नहीं कर रहे है,और किसी न किसी तरीके से बहाने से मदद कर रहे है। सबसे बड़ी बात यह है की हर्ष छाबरिया काम करने पहुंचे मजदूरों को अपनी जेब से पैसा देते है और खाना पीना से लेकर पानी तक देते है।

समाचार संक्षेप

ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

सुकमा, 20 सितंबर। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर अंजुमन इस्लामिया कॉमेडी सुकमा के द्वारा जुलूस निकाला गया एवं देश - दुनिया की अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू ने मुस्लिम भाइयों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए सभी की सलामती की दुआएं मांगी । मोहम्मद अली, सेक्रेटरी मोहम्मद हसन नई कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। जुलूस के बाद जामा मस्जिद सुकमा में नबी सल्लल्लाहो ताला वसल्लम के झंडा फहराकर दुआ ए फातिहा खानी किया गया। इस कार्यक्रम में जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्था के लिए अंजुमन इस्लाम में कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली ने नगर पालिका एवं जिला व पलिस प्रशासन सुकमा ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया त्यौहार, शुभकामनाएं देने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी।

इतकल में पाँच लोगों की हत्या के मामले में 24 लोगों की गिरफ़्तारी

सुकमा 20 सितंबर। कोन्टा के इतकल में हुए पाँच लोगों की हत्या मामले में पुलिस की एक और बड़ी कार्यवाही मामले में सामिल 7 और लोगों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार गिरफ़्तार लोगों में एक आंध्र प्रदेश व एक उड़ीसा निवासी सामिल इतकल गाँव के पाँच और आरोपियों को किया गया गिरफ़्तार कुल सात और गिरफ़्तार पहले पुलिस ने 17 आरोपियों को भेजा था जेल अब 24 लोगों की हो चूकी है गिरफ़्तारी एएसपी आकाश राव गिरपूंजे ने की पुष्टि।

कुआकोंडा में छात्राओं को दी गई स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी

दंतेवाड़ा,20 सितम्बर। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पोषण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का जिले में 01 सितम्बर 2024 से प्रारंभ हो गया है। इस कार्यक्रम को जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय पोषण माह के सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूह, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल क्रेडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। इस कड़ी में 14 सितंबर 2024 को परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कुआकोंडा के द्वारा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा में पोषण माह से संबंधित विशेष गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं को एनीमिया के लक्षण, इससे बचाव, इसे दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों के नियमित सेवन, एनीमिया जाँच, कुपोषण, संतुलित आहार से होने वाले फायदे, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, वजन त्यौहार, गुड और बैड टच जैसे विभिन्न स्वास्थ्य पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

विश्व पर्यटन दिवस पर 27 सितम्बर को पर्यटन संबंधी कार्यशाला का आयोजन

दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर। कार्यालय कलेक्टर जारी विज्ञप्ति अनुसार 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले के अंतर्गत ''टूरिज्म मीट'' का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के शंखनी सभा में पूर्वाहन 11 बजे आहूत किया जा रहा है। इस ''मीट'' में जिले के सभी पर्यटन से जुड़े व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। ताकि जिले के पर्यटन क्षेत्रों को उभारने के उद्देश्य से बेहतर समझ और सहयोग दिया जा सके। इसके अलावा स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करने में समुदाय के लोगों को बेहतर अवसर प्रदान किया जाना भी है। इस ''टूरिज्म मीट'' में प्रमुख बिंदुओं जैसे दंतेवाड़ा में पर्यटन की संभावनाएं, संस्कृति, पुरातात्विक धरोहर, हस्तशिल्प, प्राकृतिक सौंदर्य, दूर गाइड के बारे में जानकारी। टूर गाइड की भूमिका और महत्व, प्रभावी गाइडिंग के कौशल और तकनीक, पर्यटकों के साथ संवाद और उनकी आवश्यकताओं को समझने के तरीके, होम स्टे संचालन और प्रबंधन, होमस्टे के मायने और इसके लाभ, होम स्टे संचालित करने के तरीके और आवश्यकताएं जैसे विषयों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

एक नजर

आयुष स्वास्थ्य मेला में 644 मरीजों का निःशुल्क इलाज

रायगढ़, 20 सितम्बर। आयुष संचालक के निर्देश और जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में पुसौर में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्री रीतेश थवाईत ने भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर में 644 मरीजों का निःशुल्क इलाज व दवा वितरण किया गया। आयुर्वेद की दृष्टि से उपयोगी जड़ी बूटियों का प्रदर्शन किया गया। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने काढ़ा भी पिलाया गया और इसे बनाने की विधि भी बतायी गई। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय नायक ने स्वागत भाषण देते हुए आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजन करने का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा आयुष पद्धति द्वारा लाभ देना है। इस पद्धति से इलाज में कोई साईड इफेक्ट नहीं होते हैं। लोगों का झुकाव पुरानी पद्धति की ओर बढ़ते देखकर शासन द्वारा विभिन्न योजना संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को निरोगी रखना छत्तीसगढ शासन की मंशा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं आयुष ग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मेला में जड़ी बूटियों की प्रदर्शनी, रक्त परीक्षण, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु काढ़ा वितरण की व्यवस्था की गई थी। मेला में वात रोग, आमवत, उदर रोग, ज्वर, कास प्रतिश्यय, श्वास, अर्श, भगंदर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्त्री रोग, दौरबल्य, नेत्र, कर्ण इत्यादि रोग का इलाज किया गया। साथ ही साथ परहेज पर भी बहुत समझाइश दी गई। ऋतु अनुसार लोगों को खान-पान आहार विहार दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के पाम्पलेट वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में 644 लोगों का इलाज किया गया जिसमें 112 लोगों का होम्योपैथी एवं 532 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया गया। 155 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में टियर 4 के तहत् ऑनलाइन पंजीयन एवं औषधि वितरण किया गया। शिविर में डॉ.देवाशीष राय चौधरी, डॉ अजय नायक, डॉ.नरसिंह पटेल, डॉ संतोष गुप्ता, डॉ.गजानन पटेल, डॉ.गगन पटेल, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ.अनुराधा सिंह, अजीत गुप्ता, भोज मालाकार, दुष्यंत श्रीवास, शिव बघेल, शैलेश सिंह, राजेश साव, डोल नारायण, अस्त्री सारथी, रक्त परीक्षण में आशीष प्रधान एवं सतीश पटेल ने अपनी सेवाएं दी। डॉ.अजय नायक ने मंच संचालन करते हुए बीएमओ डॉ विनोद नायक, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, घनश्याम पटेल सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

प्लेसमेंट कैम्प 23 सितम्बर को, 117 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

रायगढ़, 20 सितम्बर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 23 सितम्बर 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र में रिक्त 117 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड रायगढ़ में जीएफटी ऑपरेटर (पाईप मिल), एंट्री लाईन ऑपरेटर (पाईप मिल), स्लिटिंग ऑपरेटर (पाईप मिल), सीओसी ऑपरेटर (पाईप मिल)के पद शामिल है। इसी तहर मे.नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायगढ़ में मेकेनिकल फिटर (अप्रेन्टिसशिप), इलेक्ट्रिशियन (अप्रेन्टिसशिप), ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिशियन (अप्रेन्टिसशिप) एवं मे.अन्नपूर्णा फाईनेंस प्रा.लि.पंडरी जिला-रायपुर मे फील्ड क्रेडिट ऑफिसर के रिक्त पद शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

नेशनल लोक अदालत खण्डपीठ के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

बीजापुर 20 सितम्बर । 21 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें से श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, श्री विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़, श्री यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, श्री भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, श्री डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर, श्री लोकेश ठाकुर तहसीलदार गंगालूर, श्री लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, श्री सूर्यकांत धरत तहसीलदार उसूर एवं श्री मोहन लाल साहू तहसीलदार भैरमगढ़ तथा कुटरू को नियुक्त किया गया है।

सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

भिलाई, 20 सितंबर। भिलाई दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद एक कैदी की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक

कैदी NDPS एक्ट के तहत गांजा प्रकरण में दुर्ग जेल में बंद था पद्मनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि कैदी की मौत की सूचना दुर्ग सेंट्रल जेल से मिली है। मृत कैदी की शुक्रवार को अचानक तबियत खराब हो गई। जिसके बाद जेल प्रबंधन ने उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक केशव का पंचनामा करने के बाद उसे पीएम के लिए भेज दिया गया है मृत कैदी सुंदरजीत जाल उम्र 26 वर्ष, उड़िया पारा सुपेला का रहने वाला था। वह पाटन थाना के गांजा प्रकरण में 26 अक्टूबर 2023 से जेल में बंद था पुलिस ने बताया की मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

खेल भावना से मिलती है सफलता,पढ़ाई के साथ खेल में भी करें नाम रोशन:देवेन्द्र प्रताप सिंह

रायगढ़, 20 सितम्बर। 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक मार्चपास्ट के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने खेल ध्वजारोहण कर खेल आयोजन का शुभारंभ किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद में शामिल होकर और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने, हारने पर निराश न होते हुए आगे बढ़ने और परिश्रम कर पुनः अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने की बात कही। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि रायगढ़ जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होना अच्छी बात है। यह एक ऐसा माध्यम है जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के साथ-साथ आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह बना रहता है। यहां से जीतकर आगे बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और अपने राज्य एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। मौके पर उन्होंने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने कहा कि छात्र जीवन में खेल और पढ़ाई का विशेष महत्व होता है। खेल में हार-जीत तो होती रहती है, लेकिन आप सभी टीम भावना एवं मजबूत होकर सही धारणा से खेलेंगे तो आगे जीत निश्चित होगी। यह एक ऐसा अवसर है आप सभी के लिए जिससे आप खेल जगत में आगे बढ़ते हुए देश-दुनिया में अपनी पहचान बना सकते है। इस अवसर पर श्री दिनेश जायसवाल, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव, डीएमसी नरेन्द्र कुमार चौधरी, सहायक संचालक तरसिला एक्का, परियोजना अधिकारी देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, बीईओ घनाराम जाटवर, एबीईओ द्वारिका प्रसाद पटेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन नायक, प्राचार्य विजय तिर्की, व्याख्याता फागुलाल सिदार, सभी संभाग प्रमुख प्रबन्धक, फील्ड मार्शल बी.के.डनसेना, चंद्रमणि गुप्ता, युवराज चौधरी, संजय शुक्ला, जितेश्वर प्रधान एवं अन्य व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रभावी मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल एवं शिक्षक विकास सिन्हा ने किया।

5 संभाग के 450 खिलाड़ी हो रहे शामिल

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 19 से 22 सितम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम में हो रहा है। जिसमें 5 संभाग बिलासपुर बस्तर, दुर्ग, रायपुर एवं सरगुजा के 450 खिलाड़ी बच्चे एवं 125 ऑफिशियल शामिल हुए है। जिसमें व्हालीबॉल-बालक एवं बालिका 19 वर्ष, खोखो-बालक एवं बालिका 17, 19 वर्ष तथा टेबल टेनिस-बालक एवं बालिका 14, 17 वर्ष शामिल है।

जिले की बेटी सम्मानित

राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने वर्ष 2023-24 में जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोला फेंक में विजेता रही शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़े भंडार विकासखण्ड पुसौर, जिला-रायगढ़ की छात्रा भूमिका सिदार को 3 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया।

उल्लास, स्वच्छता एवं खेल की दिलाई गई शपथ

राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर सभी बच्चों एवं उपस्थित लोगों को उल्लास की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जिले में आयोजित किए गए। उन्होंने जन-जन साक्षर अभियान के अंतर्गत घर-घर जायेंगे, साक्षरता की अलख जगायेंगे, जहां ज्ञान का दीप जलेगा, वहां अंधेरा नहीं रहेगा, पढ़ेंगे पढ़ायेंगे उन्नत समाज बनायेंगे की शपथ दिलाई। मौके पर आयुक्त नगर नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी लोगों ने साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की शपथ ली। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता अभियान शहर में चलाया जा रहा है। मौके पर सभी खिलाड़ी बच्चों को खेल शपथ भी दिलाई गई।

एकलव्य आवासीय विद्यालय में मनाया गया सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,20 सितंबर । भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का राष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किए जाने के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एजुकेशन सिटी में आयोजित हुआ जिसमें विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजनन हुआ जिसमें समूह गान, समूह नृत्य, इंस्ट्रमेटल, एकल गीत, चित्रकारी, रंगमंच, भाषण, कहानी सुनाना, स्पेल बी (अंग्रेजी शब्दों की प्रतियोगिता) एक्सटेम्पोर (तात्कालिक भाषण), वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, सस्वर पाठ, प्रश्नोत्तरी, वेलकम म्यूजिक सोलो, इंस्ट्रमेंटल सोलो म्यूजिक, एकल नृत्य, दृश्यकला, स्वदेशी खिलौने का खेल, नाटक (एकल अभिनय) एवं शिक्षकों के लिए संगीत प्रतियोगिता जिसमें वोकल सेमी क्लासिकल, वोकल क्लासिकल इंस्ट्रमेंटल लोकगीत, प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होकर एकलव्य आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनका मार्गदर्शन करते हुए कड़ी मेहन, लगन और ईमानदारी से प्रयास करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने की शुभकामनाएं दी।

अपने परिवार, समाज और जिले का मान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।ज्ञात हो कि जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी संभाग स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी तरह आगे चयनित होकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त डॉ. आनंद सिंह नोडल प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय भैरमगढ़ श्री गोविंद राम जैन सहित समस्त प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं प्रतियोगी विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया

रायगढ़, 20 सितम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान के लिए रायगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कांटाहरदी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएमएचओ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें एक हजार से भी अधिक लोगों ने आकर स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें ओ.पी.डी-326, सिकलिन जाँच-210 में पॉजीटिव 04, बी.पी जांच-124, शूगर जाँच 160, हीमोग्लोबिन जांच-230 किया गया तथा आयुष्मान कार्ड-14 एवं आभा कार्ड से 14 हितग्राहियों को लाभ दिया गया।

कांटाहरदी जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 422 आवेदन

रायगढ़, 20 सितम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान के लिए रायगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कांटाहरदी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर विभागीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को सामग्री प्रदान भी किए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से 1638 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से 1617 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार आज आयोजित शिविर में 422 आवेदन प्राप्त हुए है।

आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविर में खरसिया विधायक श्री उमेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी उपस्थित रही। विधायक खरसिया श्री उमेश पटेल ने जन समस्या निवारण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोग अपनी समस्याओं को सीधे जिला स्तरीय अधिकारी तक रख पा रहे है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के आयोजन से लोगों को रायगढ़ जाना नही पड़ रहा है जिससे यहां के लोगों के लिए सुविधाजनक है। उन्होंने शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉल से योजनाओं की जानकारी लेने जन सामान्य को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिविर के आयोजन हेतु जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आगे भी ग्रामीण अंचल में शिविर का आयोजन करने हेतु कहा ताकि स्थानीय स्तर पर ही लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि आपके क्षेत्र में आकर जन समस्या निवारण शिविर लगाने का उद्देश्य यह है कि आप अपनी समस्याओं का अधिक से अधिक निराकरण करा सके। उन्होंने लोगों को जन समस्या निवारण शिविर में लगे विभागीय स्टालों में पहुंचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी लेने एवं उन योजनाओं के लाभ लेने को कहा। इस दौरान शिविर में उपस्थित जन सामान्य को आधार कार्ड अपडेट करवाने के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहा ताकि शासन की योजनाओं का लाभ उन्हे आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित कार्यों को शिविर में अवश्य करवा लें। इसी प्रकार अराजकता, शराब की अवैध ब्रिकी जैसे मामलों के लिए पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे सकते है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथा शीघ्र निराकरण किया जाएगा। शिविर में स्कूली छात्राओं ने कॉमन रूम एवं लैब रूम की मांग कलेक्टर श्री गोयल के सामने रखी। कलेक्टर श्री गोयल ने भवन हेतु प्राकल्लन बनाकर भेजने के निर्देश डीईओ को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री गोयल ने छात्राओं से परिचय प्राप्त कर उनकी लक्ष्य की जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि लक्ष्य के साथ ही एक दूसरा ऑप्शन तैयार रखें, हिम्मत न हारे, खूब मेहनत करें।

व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ0ग0) के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा श्री विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में, श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर/प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0) द्वारा महात्मा गांधी के जन्मदिवस दिनांक 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर दिनांक 14.09.2024 से 01.10.2024 तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता कार्यक्रम के तहत् व्यवहार न्यायालय बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0) में दिनांक 20.09.2024 को सफाई कार्य का आयोजन किया गया।स्वच्छता ही सेवा के तहत् स्वच्छता कार्यक्रम में श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर / प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0) एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण ने, श्री गनपति जांगड़े, सहायक अभियोजन अधिकारी एवं अधिवक्ता संघ बीजापुर के श्री सलीम पाशा अधिवक्ता, श्री आशिक सिद्दीकी अधिवक्ता, श्री ज्योति कुमार अधिवक्ता, श्री डी. सूर्यानारायण रेड्डी अधिवक्ता, श्री सैफ अली खान अधिवक्ता, सुश्री ईश्वरी झाड़ी अधिवक्ता के साथ मिलकर न्यायालय परिसर एवं आसपास स्वच्छता हेतु सफाई कार्य किया गया एवं आम जनता को स्वच्छता बनाये रखने के लिए अपने आस-पास में निरंतर साफ-सफाई करते रहने के लिए जागरूक किया गया तथा स्वच्छता का महत्व बताते हुए निरंतर साफ-सफाई कर निरोग्य समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।हम अपने आस-पास को स्वच्छ रखे तो हमारा समाज स्वच्छ होगा, ÷स्वच्छता ही सेवा की भावना ही पूरे देश को निर्मल बना सकती है।स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी श्री पीताम्बर सिंह मण्डावी (प्रस्तुतकार), श्री शिवशंकर तोगर (स्टेनोग्राफर), श्री कमल सिंह ठाकुर (नायब नाजिर), श्रीमति चेतन ध्रुव (आदेशिका लेखक), श्री गौरैया गोटा (निष्पादन लिपिक), श्री सुरजीत कोरम (सहायक ग्रेड-3), श्री बिरेन्द्र कुमार कुआर्य (सेल अमीन) श्री लक्ष्मैया लिंगम (आदेशिका वाहक) श्री सुनील कुमार मौर्य (वाहन चालक), श्री विरेन्द्र भास्कर (भृत्य) एवं श्री डोमेन्द्र कुमार साहू (कोर्ट मोहर्रिर), श्री कैलाश चन्द्रवंशी (कोर्ट मोहर्रिर) श्री ओकेश मंडावी (कोर्ट मोहर्रिर) ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सफाई कार्यक्रम हेतु नगर पालिका बीजापुर व पुलिस लाईन बीजापुर का विशेष सहयोग रहा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में रोज किया जा रहा है कार्यक्रमों का आयोजन

बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामूहिक रूप से अपने गांव क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका को निभाये। इस वर्ष हम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की 10वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक ÷स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता÷ थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 मनाया जाएगा। जिसमें 02 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थलों ब्लैक स्पॉट की सफाई मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन इसके साथ ही स्वच्छाग्रही/सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में किए गए कार्यों उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना है। इस हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत 17 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ एवं स्वच्छता शपथ, रैली सार्वजनिक स्थलों की श्रमदान से सफाई, 18 सितम्बर को स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वसहायता समूह द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता रैली, विशेष ग्राम सभा एवं स्वच्छता आउटरिच अभियान एवं समस्त संस्थानों में वृक्षारोपण अभियान ÷एक पेड़ मां के नाम÷ स्वच्छता शपथ, 20 सितम्बर को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एकल खिड़की के माध्यम से सफाई मित्र एवं स्वछाग्रहियों के स्वास्थ्य, उपचार और केन्द्र, राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर पात्रता अनुसार लाभ दिलाना। स्वच्छाग्रहियों को सुरक्षा सामग्री वितरण पहचान पत्र वितरण, 17 सितम्बर से 20 सितम्बर 2024 तक समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी, पोटाकेबिन, आश्रम शालाओं, ग्राम पंचायतों में स्वच्छ सुंदर कार्यालय प्रतियोगिता प्रारंभ, 21 सितम्बर को शालाओं में स्वच्छता विषय पर निबंध, चित्रकला, पोस्टर, नारा लेखन प्रतियोगिता, 22 सितम्बर को वेस्ट टू आर्ट एवं जीरो वेस्ट इवेन्ट, 17 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक जिले के समस्त सेग्रीगेशन शेड एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य कराते हुए क्रियाशील बनाना एवं सम्पूर्ण स्वच्छता लक्षित ईकाई सीटीयू ग्रामीण जल निकाय सड़को, कूड़े के ढेर,नालों की सफाई अभियान के अंतर्गत जहां कचरा जमा होता है ब्लैक स्पॉट की पहचान कर श्रमदान से सफाई कर प्रत्येक ग्राम का सौंदर्यीकरण, 25 सितम्बर को कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, सचिवों के साथ स्वच्छता संवाद, 02 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करना एवं सीटीयू क्लीनेस टारगेट यूनीट, ब्लैक स्पॉट पर सेलिब्रेशन का आयोजन ग्राम का सौंदर्यीकरण तथा 10 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम। उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हेतु नामजद अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

जिले में 21784 बच्चों का लिया जा चुका है वजन

बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है, जन- समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय पोषण माह को जनआंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है। पोषण माह अंतर्गत 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक वजन त्यौहार का आयोजन कर जिले के प्रत्येक बच्चे का वजन माप किया जा रहा है, जिससे जिले में कुपोषण के स्तर का वास्तविक आंकलन किया जा सके इस दौरान राष्ट्रीय पोषण माह एवं वजन त्यौहार का घर-घर गृह भेंट कर जानकारी दिया जा रहा है, एवं इसके परिणाममूलक आयोजन हेतु सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्व-सहायता समूहों, अंतर्विभागीय समन्वय कर ग्राम स्तर एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डो पर अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री लूपेन्द्र महिनाग द्वारा बताया गया कि वजन त्यौहार मनाने का मूल उद्देश्य बच्चों के वजन के माध्यम से बच्चे के पोषण स्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने हेतु कराया जाता है। बच्चों में सामान्य तौर पर कुपोषण के तीन स्वरूप है -अल्प वजन, बौनापन और, दुबलापन की जानकारी वजन त्यौहार के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का वजन एवं ऊँचाई माप कर एकत्र किया जाता है और इसके निदान हेतु कार्यवाही की जाती है। अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में आज दिनांक तक जिले के 21784 बच्चों का वजन लिया जा चुका है, एवं सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में आयोजित होने वाले वजन त्यौहार प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

कलेक्टर ने चिन्नाकोड़ेपाल पोटाकेबिन का किया निरीक्षण

बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने चिन्नाकोड़ेपाल के 500 सीटर बालक पोटाकेबिन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने आवासीय संस्था चिन्नाकोड़ेपाल में बच्चों से पढ़ाई भोजन व्यवस्था के बारे में चर्चा किया।वहीं शयनकक्षए भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया संस्था में पदस्थ अनुदेशकए भृत्यों से संस्था संचालन एवं उपलब्ध बुनियादि सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉण् बीआर पुजारी सहित स्वास्थ्य अमला भी मौजूद थे। कलेक्टर ने विद्यार्थियो का नियमित स्वास्थ्य जांच एवं मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु बच्चों को जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने की समझाइस भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद एवं डीएमसी श्री एमव्ही राव ने संस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

पूर्व मंत्री महेश गागडा ने आम ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

बीजापुर,20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व मंत्री महेश गागडा ने गुरुवार को अपने भैरमगढ़ निवास पर विभिन्न गांवों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए सबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करने को कहा इसके साथ ही गागडा ने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर.जोर दिया सदस्यता अभियान पूरे देश मे चल रहा है हमें बूथ स्तर पर कम से कम 200 सदस्य बनाना है इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी वहां मौजूद थे

युवा वर्ग कानून की पढ़ाई पूरी तन्मयता से करे : इंद्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 20 सितम्बर। स्थानीय गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय के नव प्रवेशी छात्रों के द्वारा प्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमे शामिल विधायक इंद्र साव ने सभी छात्रों को कानून की पढ़ाई को पूरी तन्मयता के साथ करने की बात कही, ताकि कानून की बारीकियों से अन्याय के विरुद्ध न्याय पाने लड़ा जा सके।

नगर के पदमा रिसोर्ट में आयोजित इस प्रेशर पार्टी का आयोजन गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय के सीनियर छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र साव को आमंत्रित किया गया था। साव ने उपस्थित छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए कहा की नए युवाओं की नई पीढ़ी के उत्साही युवाओं का उत्साह इस बात का संकेत है की आज के युवा आने वाले समय में अपने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।उन्हें यहां आकर और इतने सारे युवाओं को देख कर खुशी हो

रही है की आने वाले समय की तैयारी आज से आप लोगो ने शुरू कर दी है।आज कानून की जानकारी सभी को होना चाहिए, लेकिन अज्ञानता के चलते और जानकारी के अभाव में लोगो का समय भी जा रहा है और उनका रुपया भी खर्च हो रहा है।कानून की बारीकियों के दम पर ही हम अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ सकते है, जिसके लिए आप सभी लोगो को कानून की पढ़ाई को पूरी ईमानदारी और तन्मयता से करने की जरूरत है, मैं चाहता हु की आप में से कोई उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय में कानूनविद बनाकर लोगो के साथ न्याय करो। उसके पूर्व विधायक साव का महाविद्यालय के छात्रों ने बुके भेट कर स्वागत किया।इस अवसर पर काफी संख्या छात्र मौजूद थे।

समाचार संक्षेप

10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 19 सितम्बर को चौकी करहीबाजार की पुलिस टीम द्वारा ग्राम ओटेबंद में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी शराब कोचिया को पकड़ा गया है। आरोपी से शराब बिक्री रकम 150 सहित 2150 कीमत मूल्य का कुल 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले 2 वाहन चालकों से वसूला गया 10 हजार का जुर्माना

बलौदाबाजार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, साथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे 18 सितम्बर को यातायात पुलिस द्वारा एवं मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले 02 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर कुल 10, 000 समन शुल्क वसूला गया है। कार्यवाही के दौरान उक्त वाहनों से मोडिफाइ साइलेंसर भी निकालकर जप्त किया गया है। न्यायालय द्वारा 18 सितम्बर को शराब पीकर वाहन चलाने वाले 05 वाहन चालकों को कुल ?65, 000 अर्थदंड से किया गया दंडित जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चालान करने में स्वयं एवं मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन, राहगीरों के साथ सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को सबक मिल सके। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है।

एक नजर

रेल्वे स्टेशन में संदिग्ध घूमने और शांति भंग करने वाला पकड़ा गया

भाटापारा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरि.मं.सु.आ./रेसुब/रायपुर रमन कुमार के दिशा निर्देशन में पोस्ट प्रभारी भाटापारा निरीक्षक एस.के.शुक्ला के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम उ.नि. सी.एस.मिश्रा, प्र.आ. एच.एस.सोलंकी, आरक्षक मो0आशिद, जीआरपी भाटापारा के साथ संयुक्त रूप से भाटापारा रेलवे स्टेशन में गस्त एवं चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म. 05 बिलासपुर साईड भाटापारा एरिया के पास आने जाने वाले यात्रियों के बीच हो हल्ला कर शांति भंग करते हुए 01 आदतन बदमाश को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया, जिससे पूछने पर अपना नाम व पता बादल यादव, पिता रमेश यादव, उम्र 23 साल, निवासी तरेंगा, निवासी बताया। संदिग्ध अवस्था में पाए जाने पर पकड़कर रेल पुलिस चौकी ले जाया गया जहां आगे की पूछताछ में बताया कि, वह यात्रियों के मोबाइल/पर्स चोरी करने के इरादे से भाटापारा स्टेशन परिक्षेत्र में आया था और स्टेशन परिक्षेत्र में यात्रियों के बीच उपद्रव कर रहा था, उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) मामला दर्ज कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पोस्टर फाड़ने से मेरा मनोबल नहीं टूटेगा : शादाब जलियावाला

भाटापारा, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीते दिनो शहर के मुख्य मार्ग मे बधाई संदेश के लिए लगाये गये पोस्टर को अज्ञात तत्वों द्वारा फाडे जाने की कडी निंदा की जा रही है। एन.एस.यू.आई.के जिला महासचिव शादाब जालियावाला के पोस्टर लगाये गये थे जिसे शरारती तत्व के द्वारा फाड दिया गया इससे क्षुब्ध शादाब ने इसकी जानकारी शहर पुलिस को दी पुलिस ने सीसी टीवी के जरिये पहचान कर ली गई किन्तु पोस्टर फाडने वाले गलती स्वीकार कर शादाब से माफी मांगी इसके बाद कार्यवाही नही की गई। किन्तु इस तरह के कृत्य को करना शर्मनाक है शादाब के समर्थकों ने कहा कि शहर मे और भी लोगो के पोस्टर लगे हुए हैं किन्तु गलत नियत से उनके पोस्टर को फाडा जाना शर्मनाक बात है जिसकी उनके द्वारा कडी निंदा की है और कहा कि इस तरह की घटना भविष्य मे न हो। घटना के संबंध मे शादाब ने कहा मेरे पोस्टर फाड़ने से बेहतर मुझसे राजनीतिक मुकाबला कर लो। इन चीज़ों से मेरा मनोबल नही टूटने वाला, उल्टा मुझे ये भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं।

नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 22 सितम्बर को

बलौदाबाजार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय आयुष शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ी में 22 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतो द्वारा बार-बार सर्दी, खांसी होना, नये पुराने वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलिया, पुराने टायफाईड, झिनझिनी वातरोग, गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बिमारियों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी। शिविर में भाग लेने के लिए परिचय पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड साथ में लेकर आना अनिवार्य है। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोदावरी पैकरा के द्वारा दी गयी है।

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए खेल युवा कल्याण मंत्री, विजयी खिलाड़ियों को किए पुरस्कृत

खेल के एक नहीं अनेक फायदे, खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : टंक राम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 20 सितम्बर। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा आज तीसरे दिन जिला मुख्यालय में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए. इस दौरान रग्बी, कुराश एवं फेंसिंग खेल का आनंद लिया साथ ही विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरुस्कृत किए. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा जिंदगी एक खेल की तरह है और हमें खेल खेलना चाहिए, खेल के एक नहीं अनेक फायदे होते है। खेल में हार जीत लगी होती है एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बन जाता एवं एक बार हार से फकीर नहीं बन जाते है। हार और जीत सोच पर भी निर्भर करती है, मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध्द है। जब से हमने खेलों के विकास करते हुए खिलाड़ियों के सम्मान में सन 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के खेल अलंकरण पुरस्कार पुनः प्रारंभ किए है। इसके साथ ही हमने युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ खेल युवा रत्न पुरस्कार देने की घोषणा किए है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला न केवल धर्म और संस्कृति के लिए जाना जाता है बल्कि अब खेलो के लिए भी जाना जायेगा। खेलो इंडिया के तहत फुटबाल प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है साथ ही आने वाले समय में इसी स्टेडियम को 14 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम में तब्दील किए जा रहे है।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचो संभाग के 840 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हो रहे हैं।चार दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रग्बी बालक एवं बालिका 14 वर्ष, कुराश बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष, फेन्सिग बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष के 144 खिलाड़ी प्रत्येक संभाग से आये हुये है। रग्बी की प्रतियोगिताएं इसी आउटडोर स्टेडियम में, कुराश की प्रतियोगिताएं इसी इनडोर स्टेडियम में और फेन्सिग प्रतियोगिताएं नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित की जा रही है कल समापन होगा।

कलेक्टर-एसपी ने छरछेद निवासी चैतराम केंवट के घर पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात

बलौदाबाजार, 20 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल आज कसडोल विकासखण्ड के ग्राम छरछेद निवासी स्व. चैतराम केंवट के घर पहुंचकर परिजनों से शोक सन्तप्त परिवार से मुलाकात की। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से परिवार को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया गया है। जिसमें समाजकल्याण विभाग की ओर से मोंगरा बाई पति रामलाल केंवट को मुख्यमंत्री वृध्दा पेंशन योजना से लाभ दिलाने के लिए पोर्टल में पंजीकृत कर दिया गया है। उन्हें अगले माह से पेंशन की राशि प्राप्त होगी। इसके साथ ही मृतक स्व. चैतराम केंवट की पुत्रियां कक्षा 11वी में पढ़ रही कुमारी प्रिया, तीसरी में पढ़ रही कुमारी निशा एवं भांजा 5 वर्षीय हिमांशु एवं 3 वर्षीय गीतांजलि के शिक्षा के संबंध विभिन्न विकल्पों जिसमें कस्तुरबा विद्यालय, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल, डीएव्ही स्कूल छरछेद में बच्चों के अध्ययन दिलाने हेतु परिवार से चर्चा किया गया है। परिवार के द्वारा दशकर्म संस्कार के बाद निर्णय से अवगत कराने हेतु कहा गया है। इसके साथ ही कुमारी प्रिया, निशा एवं गीतांजलि को महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना जिला बाल संरक्षण इकाई के स्पांसरशीप एण्ड फास्टर केयर फण्ड के देखभाल एवं संरक्षण के जरूरतमंद वाले बालक-बालिका कों स्पॉन्सरशीप योजना के तहत तीन बालिका एवं एक बालक को माह सितम्बर 2024 एक माह का भुगतान राशि 16 हजार रूपये यूको बैंक कसडोल के खाता क्रमांक-10293211062370 मोंगरा बाई के खाते में स्थानांतरित किया गया है।

सासाहोली स्कूल में कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन

■ हाई टेक पावर एंड स्टील लिमिटेड ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा सासाहोली में दस कंप्यूटर और एक प्रिंटर दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 20 सितम्बर। सरस्वती शिशु मंदिर सासाहोली तिल्दा में कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती, ओम, एवं माँ भारती के छाया चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल अग्रवाल डायरेक्टर हाईटेक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड परसदा, रहे।

तिथियों का स्वागत राऊत नाचा एवं भाव नृत्य गोविंद बोलो हरे गोपाल बोलो....के साथ किया गया।बच्चों के भाव नृत्य से प्रभावित होकर कमल अग्रवाल के द्वारा बच्चों को नकद पुरुष्कार राशि भेंट की गई।हाई टेक पावर एंड स्टील लिमिटेड के द्वारा विद्यालय में बच्चों के लिए 10 नग कम्प्यूटर सेट एवं एक प्रिंटर प्रदान किया गया।जिससे शाला परिवार बहुत ही आनंदित है।कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन उनके कर कमलों से सम्पन्न हुआ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज व विद्यालय के लिए सहयोग करने का अवसर मुझे बहुत मिला है परंतु यहाँ आकर मुझे ऐसा लगा कि इस प्रकार का जोरदार स्वागत अन्य विद्यालय में देखने को नहीं मिला।आप लोगों के द्वारा बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर की सहयोग के लिए निवेदन किया गया था आज उसे पूरा कर दिया गया है। बच्चे पढाई के साथ- साथ कम्प्यूटर की शिक्षा ग्रहण करेंगे जो आज वर्तमान समय में सबके लिए आवश्यक है। यहाँ के शिक्षकों से मेरा निवेदन है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा जरूर देवें। प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजू शर्मा सभापति जिला पंचायत रायपुर, विशिष्ट अतिथि पपिया बेनर्जी नोडल प्राचार्य शास.उच्च.मा.वि.टण्डवा, सपन कुमार शाह चिफआपरेटिंग आफिसर हाईटेक पॉवर एंड स्टील लिमिटेड परसदा, कपिल गोहिल सिनियर मैनेजर, पल्लव तिवारी आई टी इंजीनियर, विकास साहू असिस्टेंट इंजीनियर हाईटेक, प्रबंध समिति- डॉ.अम्बेडकर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गोपाल चन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन, सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव, संरक्षक सदस्य पवन अग्रवाल, सदस्य अजय शर्मा, कृष्ण कुमार सोनी, दिलीप शर्मा, अभिभावक मारुति राव, पत्रकार राज वर्मा, दिनेश चंद्र बसु शिक्षक मिडिल स्कूल टंडवा, सालिक राम वर्मा संचालक अंश पब्लिक स्कूल गैतरा, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू, सभी आचार्य-दीदियाँ एवं विद्यालय के सभी भैय्या-बहनें उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने की छरछेद की घटना में पीड़ित परिवार को 10 लाख देने की घोषणा

बलौदाबाज़ार, 20 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के ग्राम छरछेद में हुए जघन्य हत्याकांड पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों को 10 लाख रूपए की

सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम वीडियो कालिंग के जरिए घटना में मृतक चैतराम केंवट के बड़े भाई भुवनेश्वर केंवट एवं माता मोंगरा बाई केंवट से बीतचीत की और ढाढस बंधाते हुए कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। इस दु:ख की घड़ी में हम आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार के दर्द को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मेरी संवेदनाएं आपके साथ है। इस जघन्य हत्याकांड के अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। इस दौरान पीड़ित परिवार से मिलने राजस्व एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा भी छरछेद पहुंचे थे।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विकास गौर, आत्मज-श्री गोवेन्द्र सिंह गौर निवास-वार्ड क्रमांक-15, भखारा के जमीन संबंधी मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री पेपर एवं डायवर्सन पेपर) जो कि प.ह.नं. 19 खसरा नं. 1/6 रकबा 0.04 हेक्टेयर से संबंधित है तथा जो कि ग्राम पंचायत सिहाद अंतर्गत स्थित है, वर्ष 2020 में भारतीय स्टेट बैंक से गृह ऋण की प्रक्रिया के दौरान कहीं गुम हो गया है, जो कि आज पर्यन्त मेरे पक्षकार को प्राप्त नहीं हो पाया है। उपरोक्त संदर्भ में कोई भी जानकारी होने पर मुझे सूचित करें।

अतएव सर्वसाधारण सूचनार्थ प्रकाशित।

स्थान:- भखारा
दिनांक:-

भवदीय
तोरण कुमार साहू
अधिवक्ता
भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)
फोन नं.:-7000014151

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

TENDER NOTICE NO.-2981/24

Bids are invited by the undersigned from Experienced Firms/Contractor for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

S. N.	Tender Specification No.	Rfx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/ Time of submission of bid.	E.M.D. (Rs)	Tender Cost (Rs)
1.	16-06/ DSPM TPS/ S&P/AE-II/HR/ T-3062/24	8100039263	Assistance in office work for simultaneously work in 06 various locations in office of Addl. C.E. (TSS/S&SC/FM), DSPM TPS, Korba East	As per schedule	07.10.2024 up to 15:30 Hrs	13,200/-	590/- (including GST@18%)

NOTES: -For more details, please visit our website at: –**http://www.cspc.co.in > tenders**. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SUPERINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

Save Electricity

Samvad-41473/1

जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ आमजनों की समस्या एवं शिकायतों का समाधान

कुथरौद शिविर में मिले 280 आवेदन, 136 का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 20 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप सिमगा विकासखंड के ग्राम कुथरौद में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गांव के स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 280 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 136 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 144 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र, 5 किसानों को ऋष्टा पुस्तिका, बिहान समूह से संबंधित महिला समूहों को 3 लाख रूपये ऋष्टा, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 नग मछली जाल, 2 नग आईस बाक्स, स्वास्थ्य विभाग

द्वारा 5 आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 5 लोगों को जाति प्रमाण पत्र, सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 10 छात्राओ को सायकिल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कलेक्टर ने शिविर में आये लोगों की समस्या सुनी व सम्बंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में लो वोल्टेज व बिजली की समस्या को 3 दिन में ठीक करने के निर्देश दिए। इसीतरह स्व सहयता समूह की मांग पर महिलाओ के लिए महिला सदन निर्माण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अंशुल वर्मा, जनपद सीईओ अमित दुबे उपस्थित थे।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप इस शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ अंचल तक पहुँच सुनिश्चित करना है। शिविर में सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित हैं। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आवेदन देकर निराकरण करा लें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव -गांव में नल जल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। पाईप लाइन बिछाने में यदि ठेकेदार सडक या अन्य परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसे उसकी भरपाई करनी होगी। पंचायतो में जलवाहिनी के द्वारा पानी की गुणवत्ता की परीक्षण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा किसी का भी आधार पंजीयन या आयुष्मान कार्ड बनने से छूटा हो तो यहाँ शिविर में बनवा सकते हैं। उन्होंने युवाओ को नशे से दूर रहने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाने कहा। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 36 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई जैसे कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं का बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद-बीजों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया।शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर, छ.ग.
Tel:- 07781-252934 Email:-eenar-phe-cg@gov.in

मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

नि.सू.क्रमांक/28/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024 नारायणपुर, दिनांक 11/09/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला के लिए Instruments प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 23/09/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

समूह क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2	3
01	जिला नारायणपुर के जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोग शाला के लिए Instruments क्रय कार्य (शेड्यूल अनुसार)	10.46 लाख

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 23.09.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर छ.ग.

जी-242502601/3

एक नजर

रायपुर 20 सितंबर। राजधानी में कल निकाली गई विसर्जन झाकियां आज महादेव घाट पहुंची। मूर्तियों का कुंड में विसर्जन किया गया।

विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों का टोटा

रायपुर 20 सितंबर। छत्तीसगढ़ की दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के पहली ही ट्रिप में यात्रियों की भारी कमी देखने को मिली है, रायपुर वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार यानी आज 20 सितंबर को पहली बार रायपुर से यात्रियों को लेकर विशाखापट्टनम जाएगी। इसमें 1128 सीटें हैं, जिनमें से महज 156 ही बुक हुई हैं। बता दे कि 16 सितंबर 2024 को ही पीएम नरेंद्र मोदी ने इस गाड़ी का शुभारंभ किया था। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में रेलवे की मंशा के अनुरूप यात्रियों ने टिकट बुक नही कराए हैं। शुक्रवार को रायपुर से जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के टिकट की बुकिंग में यह बात सामने आई है। रेलवे के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस में 1128 सीट हैं। इनमें एसी चेयरकार में 148 सीट और एक्जीक्यूटिव चेयर की महज 8 सीट बुक कराई गई हैं। इस ट्रेन की 972 सीटें खाली थीं। हालांकि, बात की जाए तो रायपुर से विशाखापट्टनम रूट पर चलने वाली ज्यादातर गाड़ियों में सीट खाली हैं। बताया जाता है कि वंदे भारत का किराया अधिक है। इस वजह से इस ट्रेन के लिए यात्री टिकट बुक नहीं कर रहे हैं।

देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या

रायपुर 20 सितंबर। राजधानी रायपुर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यंहा देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों के बीच विवाद हुआ और इसी दौरान आरोपी ने दूसरे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 19 सितंबर गुरुवार रात लगभग 11 बजे हुई। दोनों युवक आपस में किसी बात को लेकर बहस कर रहे थे, जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर पीड़ित युवक पर चाकू से कई वार कर दिए। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम कौशल चौहान बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बच्चे के ट्यूशन का पैसा लेकर टीचर फरार

रायपुर, 20 सितम्बर । बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने के नाम पर 60 हजार लेकर कोचिंग टीचर फरार हो गया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया राजश्री मिश्रा 51 वर्ष सी 4 ग्रीन लैण्ड विशालनगर तेलीबांधा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत की कि आरोपी सुयश शर्मा ने प्रार्थिया के बच्चे को कोचिंग पढ़ाने के नाम पर 60 हजार रुपए लिया और ऑफिस बंद कर फरार हो गया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को हुई तो उसने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निधन

बसंत दुबे

रायपुर 20 सितंबर। बसंत दुबे (सेवानिवृत सहायक महाप्रबंधक भिलाई इस्पात सयन्त्र) (सुपुत्र स्व. सरजू प्रसाद दुबे रायपुर)का निधन 20 सितम्बर को सुबह हो गया. उनकी अंतिम यात्रा हमारे निवास 9ए, सडक 16,सेक्टर 10, भिलाई से 21 सितम्बर सुबह 9बजे निकलेगी. अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी दुर्ग मुक्तिधाम मे किया जायेगा वे श्रीमती मीना दुबे के पति, सव्यसाँची दुबे एवं डॉ श्रुति दुबे के पिता तथा डॉ आशुतोष द्विवेदी एवं श्वेता दुबे के ससुर थे।



स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने में प्रेक्षक अहम भूमिका निभाएं : अजय सिंह

मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाएं : आयोग

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 20 सितम्बर। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव स्वतंत्रत एवं निष्पक्ष ढग से कराने में प्रेक्षक अहम भूमिका निभाए। मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

राज्य निर्वाचन आयोग ने आज 33 जिलों के लिए अपर कलेक्टर स्तर के 22 पर्यवेक्षकों को आज नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आयोग के आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि मतदाता सूची बनाने के लिए डाटा एंट्री आपरेटर एवं प्रोग्राम अफसर को प्रशिक्षण दे दिया गया है। सभी 33 जिलों में चुनाव कराने के लिए 33 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव कराए जाएंगे, इसके लिए मतदाता सूची बनाने के लिए प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है। आयोग ने यह कार्य जिला निर्वाचन शाखा और नगर निगम, पालिका और पंचायतों के सहयोग से करने का निर्णय लिया है। आयोग के अनुसार पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए लोकसभा की मतदाता सूची को ही आधार बनाया गया है। इसमें जिन मतदाताओं की आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो गई है उनके नाम जोड़े जाएंगे। जो मतदाता अन्य वार्डों में चले गए हैं उनका नाम स्थानांतरित किया जाएगा। मृतकों के नाम विलोपित किए जाएंगे। नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने में वार्डों के परिसीमन का ध्यान रखा जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के लिए डाटा एंट्री आपरेटर एवं प्रोग्राम अफसरों को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं शुद्ध बने। इसके लिए एससीसीईआर साफ्टवेयर का भी सहयोग लिया जाएगा। आयोग की लाख कोशिशों के बावजूद मतदाताओं के नाम, पिता का नाम एवं स्थानीय पता में काफी गड़बड़ी होती है। राजधानी के बीएसयूपी मकानों में रहने वाले लोगों के नाम को लेकर काफी परेशानी हो रही है। करबला पारा में रहने वाले गरीबों को कोटा स्थित सुयश हास्पिटल के पीछे स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं पंडरी के लोगों को कचना में निर्मित बीएसयूपी क्वार्टर में स्थानांतरित कर दिया गया है। लेफ्टिनेंट दीक्षित वार्ड के अधिकांश लोग भी भाठागांव चले गए हैं। इसलिए इस सूची में उनके साथ न्याय होता है कि नहीं यह देखना होगा।

रायपुर 20 सितंबर। उपनिरीक्षक पद के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर आज गृहमंत्री विजय शर्मा के सरकारी निवास के सामने धरना दिया।

91 वर्षीय बुजुर्ग ने अस्पताल बनाने दी जमीन

रायपुर, 20 सितंबर। रायपुर के अश्विनी नगर में रहने वाले 91 वर्षीय गौरीशंकर अग्रवाल लंबे समय से वकालत के पेशे में संलग्न हैं। बौद्धिक क्षमता के धनी अग्रवाल छत्तीसगढ़ में ग्राम सभा के उपर किताब भी लिख चुके हैं। आज के समय में जब हर इंसान संपत्ति बनाने और बचाने की कोशिश में लगा हुआ है, अग्रवाल ने इन सबसे उपर उठकर अपनी संपत्ति को राष्ट्रहित में दान करने की पेशकश की है। अग्रवाल ने आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की और अपनी मंशा के अनुरूप बलौदाबाजार जिले में स्थित अपनी 38 डिस्मिल की संपत्ति को जनहित में स्वास्थ्य कार्यों के इस्तेमाल के लिए अस्पताल बनाने के उद्देश्य से दान करने की इच्छा जताई।

डीजे पर प्रतिबंध का कोई खास असर नहीं

■ पर्स व मोबाइल चोर भी रहे सक्रिय

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 20 सितम्बर। राजधानी में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान हजारों भक्तों ने धार्मिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर आधारित झांकियों का आनंद लिया। शासन द्वारा डीजे का उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी विभिन्न गणेशोत्सव समितियों ने जमकर इसका उपयोग किया है। खारुन नदी में आज सुबह तक गणेश विसर्जन का कार्यक्रम चलता रहा।

राजधानी में परम्परानुसार चलित झांकियों को राजनांदगांव एवं अन्य स्थानों से मंगाया गया था। यह झांकिया, रामायण, महाभारत तथा पौराणिक ग्रंथों पर आधारित थी। इनमें आकर्षक लाइट के अलावा चलित झांकियों का आनंद भक्तों ने लिया। गुरुनानक चौक, एमजी रोड शारदा चौक, जयस्तंभ चौंक, कोतवाली चौक से यह झांकियां पुरानी बस्ती की ओर निकली। ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों के लोगों ने इन झांकियों को सुबह होते तक देखा लेकिन इसका फायदा पर्स व मोबाइल चोरों ने भी जमकर उठाया। पुलिस प्रशासन ने करीब 1500 जवान तैनात किए थे लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर झड़पें हुई। जोन क्रमांक 5 के कमिश्नर विमल शर्मा के अनुसार खारुन नदी में बड़ी संख्या में गोताखोर एवं अन्य स्टाफ तैनात किए गए थे। कोई अनहोनी की खबर नहीं आई है। राजधानी के विधायकों के अलावा राजनीति में सक्रिय एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने मंच लगाकर आयोजकों का अभिवादन किया।

अग्रसेन कालेज में 22 को पूर्व न्यायाधीश सुनाएंगे रामकथा

रायपुर 20 सितंबर। माता कौशल्या की जन्मस्थली रायपुर में अरुण जी (पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश) का आगमन होने जा रहा है। गौरतलब है कि श्री अरुण जी पूरे भारत में संगीतमय रामकथा के लिए जाने जाते हैं। न्यायाधीश के पद पर रहते हुए भी वे अपनी सनातन परंपरा के अनुरूप रामकथा के प्रसार में संलग्न रहे। उन्होंने अपने अवकाश का एक एक पल रामकथा में लगा दिया। ओरछाधीश रामराजा सरकार के मंदिर के उन्नयन में भी उनकी केन्द्रीय भूमिका रही। आगामी 22 सितंबर को आपके श्रीमुख से रामकथा का संगीतमय प्रवचन सभी रामकथा प्रेमियों के लिए एक दुर्लभ अवसर है। आज समाज में एकजुटता एवं हमारी भारतीय परंपराओं को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है इसलिए सर्व सनातन समाज के प्रयास से इस रामकथा का आयोजन हो रहा है। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कालेज समता कालोनी के सभागार में अपरान्ह 3ः30 बजे से

सायं 7ः00 बजे तक रामकथा आयोजित है। इसमें रामराजा सरकार मंदिर ओरछा के कलाकारों के साथ वाराणसी एवं छतरपुर के विशिष्ट भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियां भी होंगी। पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स के संयोजन में सर्व सनातन समाज की प्रतिनिधि संस्थाओं का ये संयुक्त आयोजन है जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विश्व हिन्दू परिषद, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह, अखिल भारतीय सतनाम सेना, महाराष्ट्र मंडल, मैथिल ब्राह्मण सभा, विध्य एकता संगठन, अखिल भारतीय देवांगन परिवार कोष्टा समाज, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, राजपूत क्षत्रिय समाज, हिंदू क्षत्रिय वाहिनी, मैथिली ब्राह्मण युवा मंच शामिल हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से श्री सुनील रामदास अग्रवाल, श्री ललित कुमार सिंघानिया, श्री अशोक अग्रवाल, श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया, श्री अजय काले, श्री देवराज जांगड़े, श्री दिलीप तिवारी, श्री आनंद मोहन ठाकुर, श्री नर्मदा सिंह राजपूत इत्यादि समाजसेवियों की विशिष्ट भूमिका है। आयोजक मंडल द्वारा सर्व समाज के रामकथा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की गई है। सामाजिक समरसता एवं सनातन परंपरा के प्रसार हेतु एकजुटता का प्रयास हमारे कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

21 को कांग्रेस का छत्तीसगढ़ बंद

रायपुर, 20 सितम्बर(मुख्य नगर संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कवर्धा के लोहारीडीह में हुई घटना के विरोध में छग बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी जिला, ब्लाक लेबल के अध्यक्षों को पत्र लिखकर इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है। चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी के अनुसार बंद को समर्थन देने के लिए चेम्बर कार्यकारिणी की अहम बैठक देर शाम बुलाई गई है जिस पर कोई फैसला होगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा के अनुसार कवर्धा के लोहारीडीह गांव में प्रशिक्षु आईएएस द्वारा किए गए शर्मनाक एवं बबर्ररतापूर्वक हमले से ग्रामीणों में रोष है। इसमें प्रशांत साहू नाम युवक की जेल में मौत हो गई है। इस घटना के पश्चात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल घटनास्थल पहुंचे। इस पूरे मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा इसी क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। वे भी यहां पहुंचे। डीआईजी एवं एसपी के साथ उन्होंने पीड़ित ग्रामीणजनों से मुलाकात की तथा मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना की निंदा की है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने इस घटना की न्यायिक जांच की मांग की है।

कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार 21 सितम्बर को छत्तीसगढ़ बंद के लिए चेम्बर से समर्थन मांगा गया है। नैतिकता के आधार पर समर्थन देने को कहा गया है। चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी के अनुसार उन्हें यह पत्र मिल गया है।

जोगी कांग्रेस में नई नियुक्तियां

रायपुर 20 सितंबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) में नई नियुक्तियां की गई है. यह नियुक्त जोगी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी के निर्देशानुसार की गई है. जारी लिस्ट में प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्षों, प्रवक्ता, प्रदेश संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्री की नियुक्ति की गई है. तीन लोगों को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें टांकेश्वर भारद्वाज, अशोक नगाईच, जहीर अहमद को उपाध्यक्ष बनाया गया है. इसके साथ ही भगवानु नायक को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है. प्रदेश संगठन महामंत्री सौरभ झा को बनाया गया है. इसके साथ ही दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग में जिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है.

प्रभारी महामंत्री महेश देवांगन ने छोड़ी जोगी कांग्रेस

छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव से पहले जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) को बड़ा झटका लगा है. पार्टी के प्रभारी महामंत्री महेश देवांगन ने आज राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी को इस्तीफा पत्र प्रेषित करते अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। महेश देवांगन के इस निर्णय ने पार्टी के भीतर हलचल मचा दी है, क्योंकि महेश देवांगन को जोगी परिवार के बेहद करीबी और पार्टी के अहम सदस्य के रूप में देखा जाता रहा है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने उनका इस्तीफा भारी मन से स्वीकार किया। अमित जोगी ने इस मौके पर कहा, ÷महेश देवांगन जोगी परिवार के अभिन्न अंग थे, हैं, और आगे भी रहेंगे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हैं।÷

महेश देवांगन पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं और उनकी गिनती जोगी परिवार के भरोसेमंद सहयोगियों में होती थी। उनके इस्तीफे के कारण और भविष्य की योजना पर फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन यह इस्तीफा पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

सीमेंट उद्योगपतियों को मंत्री की दो टूक, दर न बढ़ाएं

रायपुर 20 सितंबर। सीमेंट के दामों में पिछले दिनों हुई वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने तेलीबांधा स्थित उद्योग भवन में प्रदेश के सभी सीमेंट कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने कंपनियों के प्रमुखों से सीमेंट के बढ़ाए गए दरों को लेकर विस्तार से बातचीत की। मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि सीमेंट के दर को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि दर बढ़ने से हर वर्ग की चिंता बढ़ गई है। मंत्री श्री देवांगन ने बैठक में स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी तरह से सीमेंट की दर बढ़ने से पहले सरकार की परामर्श जरुर लेंगे। बिना परमर्श के रेट बढ़ाने से हर वर्ग की परेशानी बढ़ जाती है।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हाल ही प्रदेश में साढ़े 8 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, आने वाले दिनों और भी पीएम आवास के साथ-साथ अभी निर्माण एजेंसियों के माध्यम से प्रदेश भर में निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। ऐसे में अगर दर बढ़ाना गलत है। अक्सर मानसून में निर्माण के कार्य कम हो जाते हैं, इस वजह से सीमेंट की खपत कम हो जाती है, आने वाले दिनों में जैसे ही निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे, खपत फिर बढ़ जाएगी। मंत्री श्री देवांगन ने दो टूक कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्योगों के लिए बहुत अधिक गंभीर है, उद्योगों को किस तरह और बेहतर माहौल मिल सके इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त से सौजन्य भेंट की

रायपुर 20 सितंबर। सर्किट हाउस सिविल लाइन में राज्य मुख्य आयुक्त आदरणीय श्री डॉ सोमनाथ यादव जी, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के उपस्थिति में राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त के. के.खंडेलवाल एवं अमित क्षत्री, सुभाष से सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया जिला अध्यक्ष श्री जी स्वामी जी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला के मार्ग दर्शन में जिला संघ रायपुर के जिला सचिव मृत्युन्जय शुक्ला,जिला संगठन आयुक्त स्का. गा .बालक दास राऊत ,लक्ष्मी नायक जिला सयुक्त सचिव गा लीना वर्मा, विकास खंड सचिव श्री मुकेश बोरकर, हेमंत शुक्ला रोवर लीडर, मनीषा वाईकर, निशा नैयर, मीना भारद्वाज, नमन साहू आदि उपस्थित रहें।

250 से अधिक स्कूलों ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया

रायपुर 20 सितंबर। एलएक्सएल फाउंडेशन ने स्कूल सिनेमा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एससीआईएफएफ) का 7वां संस्करण प्रस्तुत किया, जो भारत का सबसे बड़ा बच्चों का फिल्म महोत्सव है। छत्तीसगढ़ में, एससीआईएफएफ का प्रदर्शन 250 से अधिक स्कूलों में किया गया और इसमें 82,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, पूरे पूर्वी भारत में लगभग 600 स्कूलों और 1.5 लाख से अधिक छात्रों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग

लिया। पहले अंतरराष्ट्रीय किड्स फिल्म फेस्टिवल के नाम से मशहूर, एससीआईएफएफ भारतीय कक्षाओं में वैश्विक सिनेमा को शामिल करके शिक्षा में बदलाव ला रहा है। शिक्षाविद्, दूरदर्शी, फिल्म निर्माता और फिल्म शिक्षाशास्त्र के मास्टरमाइंड सैयद सुल्तान अहमद के नेतृत्व में, एससीआईएफएफ 2024 एक फिल्म महोत्सव से कहीं बढक़र था - यह एक आंदोलन था। 30,000 से अधिक स्कूलों, जिनमें 25,000 प्लस सरकारी स्कूल थे, के 8 मिलियन से अधिक छात्रों ने इस अखिल भारतीय फिल्म महोत्सव में भाग लिया। इस वर्ष के आयोजन में 20 सेअधिक देशों की 80 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिन्हें 15 से अधिक भाषाओं में दिखाया गया, तथा इनमें मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सुरक्षा जैसे अनेक विषयों के बारे में बताया गया आज के समय में छात्र जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इन फिल्मों को सावधानी से तैयार किया गया था, जिससे यह महोत्सव ज्ञान और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया।

ओम शांति... शोक संदेश ओम शांति...

स्व. पं. मालूराम जी शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता पं. मालूराम जी शर्मा का निधन दिनांक 12.09.2024, गुरूवार को हो गया है। परमपिता परमात्मा की इच्छा शिरोधार्य है।

कार्यक्रम

ग्यारवा - 23 सितम्बर 2024, सोमवार
बाहरवा/पगड़ी रस्म - 24 सितम्बर 2024, मंगलवार
शाम 04 बजे
निज निवास, सुभाष चौक, नेवरा

मंगा प्रसादी - 24 सितम्बर 2024, मंगलवार
दोप. 12 बजे से 03 बजे तक
श्री परशुराम भवन, नेवरा

शोकाकुल परिवार :
समस्त महर्षि परिवार
मो. नं. : 9300416101
: 9302982300
: 9300509510

विनीत :
पुत्र : नरेन्द्र, महेन्द्र, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, श्याम, पवन, स्व. विष्णु शर्मा (तिल्दा नेवरा) एवं बसंत, कमलेश शर्मा (निमेड़ा राजस्थान)

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26